
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



ओटीटी पर भी होगा .....



कैटरीना के हाथ में दिखा काला पैच....

वर्ष : 10 | अंक : 297 | लखनऊ, 08 अक्टूबर, मंगलवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## देवी-देवताओं, महापुरुषों का अपमान अस्वीकार्य, दोषियों को मिलेगी सजा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। अक्टूबर और नवंबर का महीना तीज-त्योहारों से भरा रहेगा। इसको लेकर आमजन में उत्साह का माहौल है तो पुलिस के आलाधिकारी शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर चिंतित हैं। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी लॉ एंड आर्डर को लेकर गंभीर नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा है कि किसी भी जाति, मत-मजहब अथवा संप्रदाय से जुड़े हुए ईष्ट देवी-देवता, महापुरुषों अथवा साधु-संतों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी अस्वीकार्य है, लेकिन विरोध के नाम पर अराजकता भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महापुरुषों के प्रति प्रत्येक नागरिक के मन में कृतज्ञता का भाव होना चाहिए, लेकिन इसके लिए बाध्य नहीं किया सकता और जबरन किसी पर थोपा भी नहीं जा सकता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अगर आस्था के साथ खिलवाड़ करेगा, महापुरुषों, देवी-देवता, संप्रदाय आदि की आस्था के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करेगा, तो उसे कानून के दायरे में लाकर कठोरता पूर्वक सजा दिलवाई जाएगी, लेकिन सभी मत, मजहब, सम्प्रदाय के लोगों को एक-दूसरे का सम्मान करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विरोध के नाम पर अराजकता, तोड़-फोड़ अथवा आगजनी स्वीकार नहीं है, जो कोई ऐसा दुस्साहस करेगा, उसे उसकी कीमत चुकानी होगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि शारदीय नवरात्रि विजयदशमी का पर्व हर्षोल्लास, शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल के बीच संपन्न हो, यह प्रत्येक जनपद-प्रत्येक थाना को सुनिश्चित करना होगा। माहौल खराब करने वालों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई करें।

योगी ने कहा कानून के खिलाफ काम करने वालों के साथ सख्ती से निपटें। महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भीड़भाड़ वाले इलाकों में फुट पेट्रोलिंग और पीआरवी 112 की पेट्रोलिंग तेज की जाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं-बेटियों की सुरक्षा व सुविधा सुनिश्चित होनी चाहिए, इसके लिए सभी विभाग मिलकर काम करें। वहीं सीएम ने त्योहारों के दृष्टिगत सोमवार को मुख्य सचिव, डीजीपी, अपर मुख्य सचिव गृह, एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि हर मत, संप्रदाय की आस्था का सम्मान होना चाहिए।

## बीरभूम में कोयला खदान में विस्फोट, छह लोगों की मौत, जांच जारी


एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

कोलकाता, पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में सोमवार को एक कोयला खदान विस्फोट में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। हालांकि, अब तक तीन शव बरामद किए जा चुके हैं। बोलपुर के एएसपी राणा मुखर्जी ने कहा कि खनन क्षेत्र में विस्फोट के बाद हम यहां पहुंचे तो हमें 6 शव मिले, तीन लोग घायल हैं जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है और पश्चिम बंगाल सरकार ने परिवारों को नौकरी देने की घोषणा की है। कंपनी मुआवजा भी देगी और फोरेंसिक टीम इस विस्फोट के पीछे की वजह की जांच करेगी। डब्ल्यूबीपीडीसीएल के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट उस समय हुआ जब गंगारामचक और गंगारामचक-भदुलिया कोयला खदानों में विस्फोट करने के लिए डेटोनेटर ले जाए जा रहे थे। घटनास्थल का दौरा करने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एवं स्थानीय विधायक अनूप साहा ने तब कहा कि कम से कम पांच लोगों की मौत हुई है और तीन अन्य घायल हैं।

## भारत ने सदैव फर्स्ट रिसपॉन्डर की भूमिका निभाई : पीएम मोदी

### मुइज्जू के सामने पीएम मोदी ने गिनवा दिए मालदीव को किए सारे एहसान

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने मालदीव में हनीमाधू अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रनवे का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि भारत और मालदीव के संबंध सदियों पुराने हैं। भारत मालदीव का सबसे करीबी पड़ोसी और घनिष्ठ मित्र देश है। हमारी नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी और सागर विजन में मालदीव का महत्वपूर्ण स्थान है। हमने रक्षा और सुरक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। एकथा हार्बर प्रोजेक्ट पर काम तेजी से चल रहा है। इंडियन ओसियन रीजन में स्थिरता और समृद्धि के लिए हम मिलकर काम करेंगे। कोलंबो सिक्योरिटी कॉन्क्लेव में फाउंडिंग मेंबर के रूप में जुड़ने के लिए मालदीव का स्वागत है। भारत ने सदैव मालदीव के लिए फर्स्ट रिसपॉन्डर की भूमिका निभाई है। चाहे मालदीव के लोगों के लिए जरूरी वस्तुएँ की जरूरत पूरा करना हो, प्राकृतिक आपदा के समय पीने का पानी उपलब्ध कराना हो, कोविड के समय वैक्सीन देने की बात हो, भारत ने हमेशा अपने पड़ोसी होने के दायित्व को निभाया है। हमने मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा करने का निर्णय लिया है। हम स्थानीय मुद्रा में व्यापार निपटाने पर भी काम करेंगे। इसके अतिरिक्त, हमने डिजिटल कनेक्टिविटी पर ध्यान केंद्रित किया है। हम सब मिलकर एक उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिए काम करेंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि चाहे मालदीव के लोगों की आवश्यक जरूरतों को पूरा करना हो, प्राकृतिक आपदाओं के दौरान पीने का पानी उपलब्ध कराना हो, या कोविड के दौरान टीके पहुंचाना हो, भारत ने हमेशा एक पड़ोसी के रूप में अपना कर्तव्य निभाया है।

### मौसम

अधिकतम तापमान 43.c

न्यूनतम तापमान 29.c

### बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,332.72

निफटी 24,834.85

## मार्च 2026 तक पूरी तरह खत्म होगा वामपंथी उग्रवाद : गृह मंत्री अमित शाह


एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों में सुरक्षा और विकास की समीक्षा के लिए बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि मैं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, गृह मंत्री, डीजीपी और पूरी टीम को बधाई देता हूं क्योंकि जनवरी से अब तक 194 नक्सली मारे गए हैं, 801 नक्सली गिरफ्तार हुए हैं और 742 नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मैं नक्सलवाद से जुड़े सभी युवाओं से हथियार छोड़कर मुख्यधारा में आने की अपील करता हूं। उन्होंने कहा कि 2026 तक देश से नक्सलवाद को खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद को देश से खत्म किया जा रह है। अमित शाह ने कहा कि सुरक्षा संबंधी व्यय (एसआरई) योजना के तहत, 2004 से 2014 तक इस योजना पर 1180 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जबकि 2014-2024 तक हमने 3,006 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। विशेष केंद्रीय सहायता योजना के तहत हमने पिछले दस वर्षों में 3590 करोड़ रुपये खर्च किये हैं। पिछले 10 वर्षों में 544 सुदृढ़ पुलिस स्टेशन बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि पहले सड़क नेटवर्क 2,090 किमी था, पिछले 10 वर्षों में सड़क नेटवर्क बढ़कर 11,500 किमी हो गया है।

## नई तकनीकों पर राजनाथ सिंह ने दिया जोर

### आज हम युद्ध और इसकी संभावनाओं के बीच जी रहे हैं

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को ह्यडिफकनेक्ट 4.0ह्व के आयोजन का उद्घाटण किया। इसमें सशस्त्र बल, रक्षा क्षेत्र की सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां, नवोन्मेषक और नीति निमार्ता स्वदेशी नवाचार को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए एक मंच पर आएंगे। इस दौरान राजनाथ ने कहा कि हम एक ऐसे युग में रह रहे हैं, जहां हम दुनिया को वैश्विक गाँव कहकर संबोधित करते हैं। जहां हमें यह लगता है कि लोगों के बीच की दूरियां अब कम हुई हैं। कहने को तो हम सूचान प्रौद्योगिकी के युग में रह रहे हैं, जहां हजार किलोमीटर दूर बैठे किसी व्यक्ति की सूचना हमारे पास सेकंड में पहुंच जाती है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि आज हम विभिन्न प्रकार के युद्धों और युद्धों की संभावनाओं के बीच जी रहे हैं। इन युद्धों में लगातार नई तकनीकों को शामिल किया जा रहा है। इनमें न केवल पारंपरिक हथियारों और गोला-बारूद का उपयोग किया जा रहा है, बल्कि कई प्रकार के दोहरे उपयोग, या यहां तक ??कि पूरी तरह से नागरिक वस्तुओं और प्रौद्योगिकियों का उपयोग किया जा रहा है। उन्हें हथियार बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे में हमें इस प्रकार के तकनीकी अनुप्रयोगों को गहराई से समझना होगा। हमें यह देखना होगा कि हम अपनी रक्षा के लिए इन तकनीकों का कल्पनाशील उपयोग कैसे कर सकते हैं।

उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यहां, मैं केवल अन्य युद्धग्रस्त दलों के अनुप्रयोगों की नकल के बारे में बात नहीं कर रहा हूं। इससे आगे बढ़ते हुए मैं आपका ध्यान उन सिस्टम या एप्लीकेशन की ओर आकर्षित करना चाहूंगा जो नये हैं और हमारे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अभी तक, ऊए ऊकरउ, अथवा इस तरह की योजना में, हम आपको अलग-अलग चुनौती देते हैं, और आप इसका समाधान देते हैं। जाहिर है ये समाधान, आपको दिए गए चुनौती पर निर्भर होते हैं, और इसलिए विशिष्ट होते हैं। पर मैं चाहता हूँ, कि आप सभी इन समाधान से आगे बढ़ते हुए, ऐसी प्रौद्योगिकियाँ, जैसे नवाचार ले आएँ जो अब तक की आवश्यकताएं से भी कहीं आगे की चीज हों, और वे हमारे रक्षा और सेवाएँ की जरूरत बन जाएँ।

### संक्षिप्त समाचार

## सत्य पर आधारित नैतिक व चरित्रवान समाज की स्थापना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी : ओम बिरला

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को सत्य पर आधारित नैतिक व चरित्रवान समाज की स्थापना करने की जरूरत पर बल दिया। बिरला ने कहा, हम सत्य व नैतिकता से ओत-प्रोत चरित्रवान एवं देशभक्त समाज की स्थापना न कर पाए तो हम देश को जिस वैभव तक ले जाना चाहते हैं, वह सम्भव नहीं हो पाएगा। बिरला ने कहा इसलिए इस चिंता को दूर करने के लिए सत्य पर आधारित नैतिक व चरित्रवान समाज की स्थापना करना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। बिरला परमशक्ति पीठ द्वारा संचालित वात्सल्य ग्राम में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि धन की कमी पूरी की जा सकती है लेकिन अगर सत्य और नैतिकता पर आधारित समाज नहीं होगा तो हम देश को उस वैभव तक नहीं ले जा सकते, जिसके लिए हमारे यहां कामना की जाती है। इसलिए हमें सत्य व नैतिकता पर आधारित समाज तैयार करना है।

## हिमाचल प्रदेश के ऊना में वंदे भारत ट्रेन पर पथराव

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में स्थित अंब-अंदौरा स्टेशन से नयी दिल्ली जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस के चार डिब्बे उस समय क्षतिग्रस्त हो गए, जब उपद्रवियों ने ट्रेन पर पथराव किया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना में कोई भी यात्री घायल नहीं हुआ।

## भाजपा के मंत्री और सपा नेता की सोशल मीडिया की लड़ाई थाने तक पहुंची

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश भाजपा के एक कद्दावर नेता और योगी सरकार में मंत्री की समाजवादी पार्टी के एक नेता से सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस थाने तक पहुंच गई है। सोशल मीडिया की लड़ाई के किरदार यूपी कैबिनेट के मंत्री एके शर्मा के भाई ने सपा मीडिया सेल पर थाने पर रिपोर्ट लिखाई है।

दरअसल, सोशल मीडिया पर यूपी सरकार के मंत्री एके शर्मा के ऑफिस के एक्स हैंडल और समाजवादी पार्टी मीडिया सेल के एक्स हैंडल के बीच तीखी नोकझोंक सुर्खियों में है। दोनों ओर से एक-दूसरे पर बयान दिए गये, लेकिन अब इस विवाद ने कानूनी रूप ले लिया है। मंत्री एके शर्मा के भाई ने समाजवादी पार्टी के सदस्यों और उसके एक्स हैंडल के खिलाफ बीजेपी नेता को बदनाम करने का मामला मऊ जिले में दर्ज कराया है। बता दें कि एके शर्मा के ऑफिस और सपा मीडिया सेल के बीच बिजली, सफाई, कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार जैसे विभिन्न मुद्दों पर तीखी नोकझोंक 1 अक्टूबर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शुरू हुई थी। मगर 5 अक्टूबर को ये बातचीत आपत्तिजनक भाषा और गाली.गलौज में बदल गई।

इस संबंध में मंत्री एके शर्मा के आधिकारिक हैंडल से एक्स पर पोस्ट किया गया। मंत्री के भाई ने सपा नेताओं और सपा मीडिया सेल के खिलाफ मऊ जिले के एक थाने में परिवार के सदस्यों की मानहानि समेत विभिन्न कानूनी प्रावधानों के तहत एफआईआर दर्ज कराई है। उम्मीद है कि सरकार और पुलिस इस पर संज्ञान लेकर उचित कानूनी कार्रवाई करेगी। पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए सपा मीडिया सेल ने आश्चर्य जताया कि क्या अपने भाई के जरिए एफआईआर दर्ज करवाकर मंत्री ने यह साबित कर दिया है कि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार की खबरें सच हैं। इसको लेकर सपा मीडिया सेल ने आज सोमवार को अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से पोस्ट किया। बीजेपी के अंदरूनी हलकों में भी मंत्री के भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार को लेकर काफी चर्चा चल रही है। पोस्ट में आगे कहा गया है कि क्या मंत्री ने अंदर की जो खबरें सामने आ रही हैं, उनकी पुष्टि की है। मंत्री बहुत परेशान हैं। भ्रष्टाचार की सच्चाई सामने आने पर यह और बढ़ जाएगा। पोस्ट में एके शर्मा के शहरी विकास और बिजली विभागों के बारे में खबरों की कतरनों के साथ कई पोस्ट भी जारी किए गए। मालूम हो कि सफाई कर्मचारियों से जुड़ी एक खबर को शेयर करते हुए सपा मीडिया सेल ने अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए एक पोस्ट किया था। इससे पहले एके शर्मा के ऑफिस के हैंडल से की गई पोस्ट में अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया था। इस बारे में पूछे जाने पर सपा प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कहा के बीजेपी हमेशा हमारे खिलाफ; असंसदीय भाषा बोलती है।

## विधानसभा चुनाव से पहले क्षतिग्रस्त सड़कों और गड्ढों की मरम्मत की जाएगी: आतिशी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार सड़क मरम्मत समेत विभिन्न कार्यों को फिर से शुरू करेगी, जिन्हें आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल के जेल में रहने के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कथित तौर पर बाधित किया था। आतिशी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनकी सरकार अगले साल की शुरूआत में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत करवाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी ने 89 क्षतिग्रस्त पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) सड़कों की पहचान की है, जिनकी मरम्मत की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए 74 टेंडर जारी किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप नेताओं ने कई निरीक्षणों के दौरान कुल 6,671 गड्ढों की पहचान की है और इनमें से 3,454 को पहले ही भरा जा चुका है। संवाददाता सम्मेलन को केजरीवाल ने भी संबोधित किया। केजरीवाल ने कहा, जब मैं जेल में था, तो इन लोगों (भाजपा) ने दिल्ली सरकार के कई काम रोक दिए थे। मेरे लौटने के बाद, मैंने और आतिशी ने सड़कों का निरीक्षण किया और पाया कि वे अच्छी स्थिति में नहीं थीं।

## नवरात्रि के दीए के कारण मुंबई की झुग्गी बस्ती में लगी भीषण आग, सात लोगों की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

मुंबई, अवैध रूप से एकत्रित किए गए केरोसीन और घर के मंदिर में जलाए गए नवरात्रि के दीये के कारण चेंबूर पूर्व में एक भूतल-प्लस-दो झुग्गी बस्ती में भीषण आग लग गई। नवरात्र के दौरान जलाए गए दीए के कारण ये आग लगी। देखते ही देखते आग ऐसी फैली की एक ही परिवार के सात सदस्यों को मौत के घाट उतार दिया।

जानकारी के मुताबिक घटना सिद्धार्थ नगर की है जहां एक मकान में रहने वाले गुप्ता परिवार के सात सदस्यों की मौत हो गई, जब रविवार सुबह करीब 4.45 बजे आग लग गई और तेजी से ऊपर की ओर फैल गई। आग गुप्ता परिवार के ग्राउंड फ्लोर स्थित पूजा कक्ष से शुरू हुई और बगल की किराना दुकान तक फैल गई, जहां 25 लीटर केरोसिन रखा हुआ था। आग की लपटें और धुआं पूरी इमारत में फैल गया और सुबह 5 बजे तक पहली मंजिल तक पहुंच गया। परिवार के सात सदस्य - मंजू प्रेम गुप्ता (30), प्रेम छेदीराम गुप्ता (30), अनीता धर्मदेव गुप्ता (39), गीतादेवी गुप्ता (60), प्रीति प्रेम गुप्ता (6), नरेंद्र गुप्ता (10) और विधि छेदीराम गुप्ता (15) सभी आग में जलकर मर गए। राजावाड़ी अस्पताल पहुंचने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। परिवार के दो सदस्य- धर्म देव गुप्ता (45) और उनके पिता छेदीराम गुप्ता (70)- भागने में सफल रहे, जब छेदीराम नीचे शौचालय जाने के लिए उठे, तो उन्होंने आग की लपटें देखीं और शोर मचाया। पड़ोसी नीलम चौरसिया ने बताया, उन्होंने अपने बेटे को आवाज लगाई और वे बाहर निकलने में सफल रहे। सदमे की हालत में छेदीराम को पड़ोसी के घर ले जाया गया, लेकिन उन्हें अपने परिवार में हुई मौतों के बारे में नहीं बताया गया। बचाव दल में शामिल दर्पण एस ने कहा, आग लगते ही हमने परिवार के सदस्यों को बाहर निकालने में मदद की। लेकिन जब तक हम टिन की छत पर पहुंचे, तब तक आग पहली मंजिल तक फैल चुकी थी। दुर्भाग्य से, तब तक कई लोग बहुत सारा धुआँ अंदर ले चुके थे। वकोला में रहने वाली छेदीराम की बेटी वनिता गुप्ता सुबह 6.30 बजे एक दोस्त से यह सुनने के बाद घटनास्थल पर पहुंची कि उसके माता-पिता के घर में आग लग गई है। उसे बाद में ही पता चला कि आग लगने से कितनी भयानक मौतें हुईं। उसने कहा, मैंने सुना कि मेरी छोटी भाभी की मौत हो गई है, लेकिन मुझे नहीं पता था कि बाकी लोगों की भी मौत हो गई है। मंजू के पिता करण लालचंद गुप्ता ने अपना दुख साझा करते हुए कहा, धुआं इतना तेज था कि वे इसे अंदर ले गए और मर गए।

## देश के सबसे बड़े ड्रग्स रैकेट से मुश्किल में घिरी कांग्रेस

### 5600 करोड़ रुपए के ड्रग्स ने बढ़ाई दिक्कत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राजधानी दिल्ली में 5600 करोड़ रुपए रुपए के ड्रग्स को बरामद किया गया है, जिसके बाद इस मामले पर राजनीति तेज हो गई है। भाजपा ने इस पूरे मामले पर कांग्रेस के पूर्व युवा नेता पर गंभीर आरोप लगाए हैं और कई सवाल खडे.किए हैं। हालांकि, कांग्रेस ने इन तमाम आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कांग्रेस का इससे कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन बावजूद इसके भाजपा इस पूरे मामले पर कांग्रेस को घेरने में लगी है। कांग्रेस से इसकी जवाबदेही मांगी जा रही है। केंद्रीय एजेंसी ने 560 किलोग्राम कोकेन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मैरिजुआना को साउथ दिल्ली से सीज किया था। इस पूरे मामले में इंटरनेशनल ड्रग रैकेट कनेक्शन सामने आ रहा है।

### कांग्रेस से जुड़े हुए हैं तार!

इस मामले में जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है उसमे तुषार गोयल अहम है, जिसे इस पूरे रैकेट का मास्टरमाइंड माना जा रहा है। भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया है कि तुषार गोयल दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस की आरटीआई सेल का चेयरमैन था। जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने इस पूरे मामले में कांग्रेस को खुलकर घेरा है, उसके बाद यह मामला तूल पकड़ गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस युवाओं को ड्रग्स की ओर ढकेल रही है और उससे जो पैसा आ रहा है उसका इस्तेमाल चुनाव लड़ने में किया जा रहा है।

### चुनाव में ड्रग्स के पैसे की आशंका

भाजपा ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि इसी ड्रग्स के पैसे का इस्तेमाल हरियाणा के चुनाव में किया गया है। पार्टी ने पूर्व सीएम भूपिंदर सिंह हुड्डा और उनके पूरे राजनीतिक खेमे को घेरे में लिया है। अहम बात यह है कि यह पूरा मामला ऐसे समय में आया है जब चार राज्यों में चुनावी सरगर्मी तेज है।

### कांग्रेस में शामिल है आरटीआई सेल का चेयरमैन

इस पूरे मामले में भाजपा ने तुषार गोयल की संलिप्तता को लेकर कांग्रेस पर सीधे सवाल किया है। भाजपा ने मांग की है कि तुषार गोयल की कांग्रेस पार्टी में भूमिका की जांच होनी चाहिए। गोयल 2022 में आरटीआई सेल का चेयरमैन था। जिस तरह से तुषार गोयल की कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के साथ तस्वीर सामने आई है उसने इस पूरे विवाद को और तूल दे दिया है।

### राजनीति से जुड़ी ड्रग्स रैकेट की कड़ियां

कांग्रेस से भाजपा ने सवाल किया है कि क्या हरियाणा चुनाव में ड्रग्स के पैसे का इस्तेमाल किया गया था। अगर ये आरोप सही पाए जाते हैं तो संगठित अपराध और राजनीति के बीच इसकी पैठ कितनी गहरी है, यह खुलकर सामने आ जाएगी इन तमाम आरोपों पर कांग्रेस ने तुषार गोयल के साथ किसी भी तरह के संबंध होने से इनकार किया है और भाजपा के सभी आरोपों को खारिज करते हुए इसे फर्जी बताया है।

### इस मामले में अंतरराष्ट्रीय ड्रग रैकेट से जुड़े तार!

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल इस पूरे मामले में जांच कर रही है और तुषार गोयल के संभावित इंटरनेशनल ड्रग रैकेट के साथ जुड़े तार की भी जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार गोयल का मिडिल ईस्ट में गहरा लिंक है और माना जा रहा है कि पूरे भारत में उसने ड्रग्स को फैलाने का काम किया। अगर तुषार गोयल का कांग्रेस के साथ लिंक पाया जाता है तो यह निसंदेह पार्टी के लिए मुश्किल बढ़ा सकता है।

### अमित शाह ने भी कांग्रेस को घेरा

गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस मूद्दे को उठाते हुए लोगों को याद दिलाया कि कैसे कांग्रेस के शासनकाल में हरियाणा और पंजाब में ड्रग्स का कारोबार फला-फूला। अमित शाह ने बताया कि कैसे पहले की कांग्रेस सरकार में ड्रग्स रैकेट के खिलाफ कार्रवाई सिर्फ नाम मात्र की होती थी, लेकिन भाजपा सरकार में चीजें बदल गई हैं।

## संक्षेप

### अनियंत्रित डंफर की टक्कर से बाइक सवार भाई बहन घायल

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के हरदोई उन्नाव मार्ग पर अनियंत्रित डंफर ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिसमे सवार भाई बहन गंभीर रूप से घायल हो गए दोनो घायलों को सी एच सी लाया गया जहां पर मौजूद डॉ ने गंभीर हालत देखते दोनो को जिला अस्पताल भेज दिया थाना फतेहपुर चौरासी क्षेत्र की नगर पंचायत ऊगू के नेवादा निवासी राहुल 26 वर्ष पुत्र शिवमंगल अपनी 18 वर्षीय बहन लक्ष्मी को लेकर बाइक से सफीपुर किसी काम से जा रहा था हरदोई उन्नाव मार्ग के जीओ पेट्रोल पंप के पास अनियंत्रित डंफर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनो भाई बहन गंभीर रूप से घायल हो गए दोनो को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां पर मौजूद डॉ ने गंभीर हालत देखते दोनो को जिला अस्पताल भेज दिया

### कस्टोलवा में तीन दिवसीय लीला का हुआ मंचन

पुरवा, उन्नाव। नगर के मोहल्ला कस्टोलवा में तीन दिवसीय रामलीला हुई। दशरथ प्रतिज्ञा से प्रारम्भ लीला रावण वध पश्चात समाप्त हुई। कलाकारों ने सजीव मंचन कर खूब वाहवाही लूटी।दशरथ, रावण, राम हनुमान आदि कलाकारों के अभिनय को दर्शकों खूब सराहा। शुभारंभ पूर्व विधायक व समापन नर सेवा नारायन सेवा के संस्थापक ने किया। बजरंग रामलीला समिति द्वारा गत कई वर्षो से तीन दिवसीय आयोजन होता है। गणेश वन्दना पश्चात दशरथ ने कानों के समीप सफेद केश देखा तो चौथेपन की याद आई उन्होंने निश्चय किया राम को राजा बनाकर वन चलें जाएं गुरु वशिष्ठ ने राम को राजा बनाने की अनुमति दी नगर में उल्लास और खुशी का माहौल बना मगर मंथरा ने रंग में भंग कर दिया। राम वन गमन और भरत को राजगद्दी का समाचार फैलते ही अयोध्या में कोहराम मच गया। वन के दृश्यों में राम ने सूर्पनखा की नाक काटी खर दूषण का बध किया सीता हरण बाद रावण वध तक की लीला के दृश्यों को तीन दिन में पूरा किया गया।लीला का शुभारंभ करते हुए पूर्व विधायक उदय राज यादव ने कहा कि असत्य पर सत्य की विजय का नायाब उदाहरण रामलीला से ही मिलता है यही नहीं राम की लीला सामाजिक समरसता की जबरदस्त मिशाल है रामलीला परिवार और समाज को जोड़कर चलना सिखाती है। दौरान समापन तीसरे दिन पहुंचे नर सेवा नारायन सेवा के प्रमुख विमल द्विवेदी ने सबसे सनातन को मजबूत बनाने की अपील करते हुए कहा कि हमारी एकता ही सनातन की ताकत है विधर्मियों के बहकावे में हमें आना नही है। गौरतलब है कि रामलीला समिति के नवागत अध्यक्ष विमल बाजपेई ने आगंतुको के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कलाकारों को बधाई दी। पूर्व प्रमुख राजकुमार रावत, भाजपा नेता संजय शुक्ल, अमन यादव, सुनील रावत, सियाराम यादव, गुडडू पांडेय, प्रबंधक मदन पांडेय, विनोद शुक्ल एडवोकेट, बब्बू बाजपेई सहित तमाम लोग मौजूद रहे। संचालन शिक्षक बृज किशोर वर्मा ने किया।

## सेतु निगम को 150 करोड़ की मिली धन राशि

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे ओवरब्रिज ( आरओबी ) का निर्माण कार्य सवा साल से ठप पड़ा था, जिससे क्षेत्र में लगातार जाम की स्थिति बनी रहती थी। यह मार्ग न केवल स्थानीय लोगों के लिए, बल्कि वीआईपी और उच्च अधिकारियों की आवाजाही के लिए भी अत्यधिक व्यस्त है। अब शासन ने सेतु निगम को 150 करोड़ रुपये की राशि जारी कर दी है, जिससे आरओबी का निर्माण कार्य तेजी से दोबारा शुरू होगा।यह परियोजना फरवरी 2022 में शुरू हुई थी, जिसका उद्देश्य बैराज मार्ग पर रेलवे ट्रैक को पार करने के लिए एक सुरक्षित और सुविधाजनक मार्ग बनाना था। सेतु निगम ने बैराज छोर का कार्य लगभग पूरा कर लिया था, लेकिन धन की कमी के कारण कार्य में देरी हुई।इस बीच, क्षेत्रीय लोगों और वाहन चालकों को जाम की समस्याओं का सामना करना पड़ा। शुक्लागंज और आसपास के इलाकों में बढ़ते जाम से स्थानीय जनता और प्रशासन दोनों ही परेशान थे। सेतु निगम ने शासन को बार-बार पत्र लिखकर स्थिति की गंभीरता से अवगत कराया और परियोजना की गति में सुधार की मांग की। शासन ने इस पर ध्यान देते हुए 150 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की।सेतु निगम के परियोजना अधिकारी बी. सेन ने बताया कि अब आरओबी के निर्माण कार्य में तेजी आएगी। नया खेड़ा तक आरओबी का निर्माण एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग के रूप में कार्य करेगा। वर्तमान में डायवर्जन की प्रक्रिया की जा रही है, ताकि निर्माण कार्य में कोई रुकावट न आए। निर्माण सामग्री और श्रमिकों की तैनाती भी बढ़ा दी गई है।परियोजना निदेशक के अनुसार, नया खेड़ा तक बनने वाले इस आरओबी के लिए कुल 150 करोड़ 10 लाख रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। रेलवे के कार्य भी फरवरी 2024 तक पूरा होंगे, जिसके बाद आरओबी का निर्माण पूरा होगा और इसे जनता के लिए खोला जाएगा। इस परियोजना के पूरा होने से क्षेत्र में यातायात सुगम होगा और जाम की समस्या से राहत मिलेगी।

## अनियंत्रित बाइक विद्युत पोल से टकराई, तीन युवक घायल

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में रविवार देर शाम एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई, जिससे बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हेलमेट न पहनने के कारण उनकी चोटें और भी गंभीर हो गई। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के हूसेपुर गांव के पास रविवार देर शाम फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के हरिदासपुर गांव के रहने वाले बुलाकी (20), अखिलेश (28) और कमलेश (32) बाइक से बांगरमऊ से अपने गांव लौट रहे थे, जब उनकी तेज रफ्तार बाइक बिजली के खंभे से टकरा गई।हादसे के समय बुलाकी बाइक चला रहा था, और तीनों ने हेलमेट नहीं पहना था, जिससे उनकी चोटें ज्यादा गंभीर हो गईं। पुलिस की जांच में यह सामने आया है कि बुलाकी की बाइक तेज गति में थी और हूसेपुर गांव के पास उसे बिजली का खंभा दिखाई नहीं दिया, जिसके चलते बाइक सीधे खंभे से टकरा गई। जोरदार टक्कर के कारण तीनों युवक सड़क पर गिर पड़े और बुरी तरह घायल हो गए।घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस के पहुंचने के बाद घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी स्थिति गंभीर बताई। डॉक्टरों के मुताबिक, तीनों युवकों को गंभीर चोटें आई हैं, जिनमें से एक की हालत नाजुक है।बांगरमऊ कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेश पाठक ने बताया कि यह हादसा तेज रफ्तार और हेलमेट न पहनने के कारण हुआ। पुलिस ने घटना की जानकारी घायल युवकों के परिवार वालों को दे दी है और मामले की जांच जारी है।

## विशाल धनुष यज्ञ लीला का विधायक ने किया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने भगवान राम और लक्ष्मण के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर नगर के मोहल्ला चौधराना स्थित रामलीला मैदान में परंपरागत रामलीला महोत्सव अंतर्गत विशाल धनुष यज्ञ लीला का शुभारंभ किया। लीला में धनुष खंडित करते ही सीता ने भगवान राम के गले में जयमाला डाल दी। तभी सीता-राम के जयकारे से विशाल पांडाल गूंज उठा। धनुष यज्ञ के शुभारंभ पर राम लीला समिति के संयोजक चौधरी प्रमेश सिंह गुड्डू व चौधरी आशीष सिंह गोलू ने विधायक को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक श्री कांत कटियार ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम ने हमें मर्यादित रहकर सद्मार्ग पर चलने और जाति विभेद से दूर रहकर सद कर्मों के माध्यम से जीवन-यापन करने का मार्ग दिखाया। उन्होंने रामलीला महोत्सव के सफल आयोजन के लिए समिति को बधाई दी। धनुष यज्ञ लीला में भगवान राम की भूमिका सौम्य स्वभाव के कृष्ण मिश्रा फतेहपुर ने निभाई। लीला के प्रारंभ में रावण-बाणासुर संवाद अंतर्गत क्रमशः कानपुर के नीरज सिंह गौर व जगमोहन सिंह चंदेल के बीच वेद-पुराणों की ऋचाओं के माध्यम से जोरदार प्रश्नोत्तर हुआ। दर्शकों ने बाणासुर द्वारा प्रस्तुत संवादों की विशेष सराहना की। जनक की भूमिका में अमित शुक्ला बांदा का पुत्री सीता के स्वयंवर के संदर्भ में कारुणिक विलाप सुनकर दर्शकों के अश्रु धारा बहने लगी। परशुराम की भूमिका में बिल्हौर से पधारे पंडित रामबाबू द्विवेदी मयंक और लक्ष्मण की भूमिका में आनंद अवस्थी इटावा के बीच पूरी रात एक-दूसरे पर सांस्कृतिक भाषा में जमकर शब्द वाण चले। दोनों कलाकारों ने एक-दूसरे पर कटाक्ष कर दर्शकों का जमकर मनोरंजन किया।

## अवैध कच्ची शराब समेत दो युवक गिरफ्तार




अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। आबकारी विभाग की छापेमारी में दो अभियुक्तो के पास 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए व करीब 9 कुंतल लहन नष्ट कर अभियोग पंजीकृत किया गया। तहसील बीघापुर व पुरवा के गाँवों में अवैध रूप से बन कर बिक रही कच्ची शराब की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी निरीक्षक क्षेत्र -5 बीघापुर में तैनात प्रतिभा सिंह द्वारा मय हमराह व थाना बिहार पुलिस स्टाफ के साथ अन्तर्गत संदिग्ध ग्रामझ्र केदारखेड़ा में मुखबिर की खास सूचना पर छापा मारते हुए गाँव के ही निवासी ननकऊ पुत्र स्व०मुडु व आशीष पुत्र देशराज निवासी-ग्राम झमोहिद्दीन पुर,थाना झमौरावां के पास से 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए लगभग 900 किलो ग्राम लहन महुवा नष्ट किया गया एवं 02अभियोग पंजीकृत किए गए।

## चोरों के आतंक से ग्रामीण भयभीत रात रात भर जागकर दे रहे पहरा

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गांवों में चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। खासकर उनवां गांव में पिछले कुछ दिनों से लगातार चोरी की आशंका के चलते ग्रामीणों में भय और चिंता का माहौल व्याप्त है। बीती रात झाड़ियों में कुछ संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण लाठी-डंडों के साथ चोरों को पकड़ने निकल पड़े।पुलिस ने भी ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचकर जांच की।गांव में सुरक्षा व्यवस्था इतनी बिगड़ चुकी है कि अब ग्रामीण स्वयं टोली बनाकर रातभर पहरा दे रहे हैं। बीती रात गांव के समीप झाड़ियों में कुछ संदिग्ध लोगों को देखा गया, जिससे पूरे गांव में अफरातफरी मच गई। ग्रामीणों के अनुसार, चार लोग चोरी की नीयत से झाड़ियों के पीछे छिपे हुए दिखाई दिए।इस घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया और ग्रामीण तुरंत अपने-अपने हथियार लेकर चोरों की तलाश में निकल पड़े।जैसे ही घटना की जानकारी मिली, गांव में अलर्ट जारी कर दिया गया। ग्रामीणों ने मिलकर चारों ओर चोरों की खोजबीन शुरू कर दी, लेकिन काफी कोशिशों के बावजूद कोई चोर हाथ नहीं लगा। निराश ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सफीपुर कोतवाली के प्रभारी श्याम नारायण सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने भी गांव के आसपास के इलाकों में चोरों की तलाश शुरू कर दी।ग्रामीणों की मांग है कि इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता किया जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। कोतवाल श्याम नारायण सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि गांव में रात्रि गश्त बढ़ा दी गई है और जल्द ही चोरों को पकड़ने के लिए विशेष कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि चोरी की अफवाहों के कारण ग्रामीण दहशत में हैं, लेकिन पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ काम कर रही है।

## प्रदेश अध्यक्ष का माला पहनाकर किया गया स्वागत

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। क्षेत्र के एक गेस्ट हाउस में आजाद समाज पार्टी काशीराम का कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया।जिसमे मुख्य अथिति प्रदेश अध्यक्ष सुनील चित्तौड़ को जिला महा सचिव ने माला पहना कर स्वागत किया।आए हुए कार्यकर्ताओ को प्रदेश अध्यक्ष सुनील चित्तौड़ ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मोहान विधानसभा के सरकारी अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड,एक्सरे सहित स्वास्थ्य की कोई सही व्यवस्था नही हैं।सरकार झूठे दावे कर जनता को भ्रमित कर रही है।शिक्षा के नाम पर सरकार छलावा कर रही।गड्ढे युक्त सड़के जिनपर अधिकारी और सरकार के नेता तक चलने से कतराते रहते हैं फिर सरकार झूठ का पुलिंदा बांधते हुए प्रदेश की सड़के गद्दामुक्त होने का दावा करती रहती है।जनता आने वाले चुनाव में सबक सिखाएगी।उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सदस्यता अभियान गांव गांव जाकर चलाए और पार्टी को मजबूत करें।आने वाले चुनाव में पार्टी से जो हुई उम्मीदवार उतारा जाए उसी को मजबूती से लड़ाए। और जिताकर विधान सभा भेजने का काम करे। इस अवसर पर एडवोकेट जिला अध्यक्ष राज चौधरी,जिला महासचिव यतिंद्र चौधरी,विधानसभाध्यक्ष राम किशन रावत,मोनू रावत,सुरेंद्र गौतम,फिरोज अली,अरविंद राजवंशी सहित सैकड़ों कार्य कर्ता मौजूद रहे

## महिलाओ व बालिकाओं की सुरक्षा जागरूकता के लिए चौपाल का किया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मिशन शक्ति के पांचवें चरण में पुलिस विभाग ने महिलाओं और बालिकाओं के प्रति सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए टीकर गढ़जी गांव में एक चौपाल का आयोजन किया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उन्हें सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना था।चौपाल में महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और स्वावलंबन के महत्व के बारे में बताया गया। मिशन शक्ति टीम ने सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की, जिसमें विभिन्न हेल्पलाइन नंबर, महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियों स्क्वाड, बाल श्रम उन्मूलन, शक्ति दीदी, यूपी-112, वूमेन पावर लाइन 1090 और आत्मरक्षा के टिप्स शामिल थे। प्रभारी निरीक्षक मिशन शक्ति, संतोष कुमारी ने महिलाओं को आत्मरक्षा के आवश्यक उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिलाएं अपनी सुरक्षा के लिए क्या कदम उठा सकती हैं और किन सुरक्षात्मक उपायों को अपनाना चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण मिशन, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना और प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना जैसी योजनाओं की जानकारी दी।इस कार्यक्रम में डॉ. आशीष श्रीवास्तव, प्रभारी परिवार परामर्श समिति और अंकित रघुवंशी, सहयोगी सलाहकार ने भी महिलाओं के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया और उन्हें यह समझाया कि वे किसी भी प्रकार की हिंसा से बचने के लिए सजग रहें।

## त्यागी बाबा की तपोस्थली पर मूर्ति की हुई स्थापना

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम दोस्तपुर शिवली में त्यागी बाबा की तपोस्थली पर त्यागी बाबा की मूर्ति की स्थापना कराई गई है। आचार्य अरविंद द्विवेदी के निर्देशन में संपन्न हुए उक्त कार्यक्रम में गांव सहित आसपास के तमाम ग्रामों के सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

ज्ञातब्य है कि ग्राम दोस्तपुर शिवली में त्यागी बाबा ने आजीवन रहकर तप किया था। उनके ब्रह्मलीन हो जाने के बाद उनकी तपोस्थली को जीवंत बनाए रखने के लिए ग्राम के प्रधान पवन पाल और पत्रकार रघुनाथ प्रसाद शास्त्री द्वारा समय-समय पर विशेष आयोजन किऐ जाते रहे है।

आज संपन्न हुए त्यागी बाबा की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में उनके शिष्य रामसेवक दास बाबा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनकी अगुवाई में त्यागी बाबा की मूर्ति को गाजे बाजे के साथ गांव वाले लोग बेदी पूजन और सहस्त्र स्नान करा कर मूर्ति के साथ छंगा खेडा, फतेहपुर चौरासी आदि से होते हुए सरैया घाट गंगा तट पर ले गए।जहां मूर्ति को जलाधिवास करा कर पुनः वापस दोस्तपुर शिवली लाकर आचार्य अरविंद द्विवेदी एवं ज्ञान प्रकाश शुक्ला द्वारा मन्त्रोंचार के साथ त्यागी बाबा के स्थान पर मूर्ति की स्थापना करा दी गई। मूर्ति स्थापना के बाद कन्या पूजन के साथ भोज और भंडारे का भी आयोजन किया गया। त्यागी बाबा की मूर्ति स्थापना से उनके अनुयायियों में विशेष हर्ष है और इस कार्य को संपन्न कराने के लिए लोगों द्वारा किये गए सहयोग के लिए प्रधान पवन पाल तथा रघुनाथ प्रसाद शास्त्री नें धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## मां स्कंद माता के दर्शन के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं की लगी भीड़

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नवरात्र के पांचवे दिन दुर्गा के स्वरूप में मां स्कंद माता के दर्शन के लिए सुबह से ही दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में भोर पहर से ही भक्तों की भीड़ देखी गई। दिन भर मां का पूजा पाठ चलता रहेगा। मंदिरों में बज रहे मां के गीतों व भजनों से नगर भक्तिमय बना रहा।सोमवार को मां स्कंदमाता के स्वरूप के दर्शन के लिए मां के दरबार को भव्य तरीके से सजाया गया। भोर पहर से ही मां के जयकारे लगते रहे। दुर्गा मंदिर के पंडित विनोद पांडे ने बताया कि मां स्कंदमाता की विधि विधान से पूजा अर्चना करने से ऐच्छिक मनोकामनाएं पूरी होती है। उपवास रखकर व दुर्गा शप्तशती पाठ करके भक्तों ने मां को प्रसन्न किया।मान्यता है कि कि मां दुर्गा के पंचम स्वरूप देवी स्कंदमाता की उपासना से महिलाओं की सूनी गोद भर जाती है। जीवन खुशहाली से परिपूर्ण रहता है। पहाड़ों पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का बीज बोने वाली देवी कहलाती हैं। मां स्कंदमाता। वहीं महिला श्रद्धालुओं ने मंदिरों में माता के भजन कीर्तन गाए।मंदिरों में प्रसाद वितरण किया गया इसके अलावा कंचन नगर स्थित कंचनामाई मंदिर, अंबिकापुरम स्थित नवदुर्गा मंदिर, महेश मार्ग स्थित सिद्धिधात्री मंदिर, डाकतार कालोनी स्थित सोमा गौरी मंदिर, गांधीनगर स्थित काली मंदिर, नेहरु नगर दुर्गा मंदिर, पोनीरोड झंडे चौराहा स्थित झंडेश्वर मंदिर, बिन्दानगर स्थित दुर्गा मंदिर, बालूघाट स्थित गायत्री शक्तिपीठ, गंगा विशुनघाट दुर्गा मंदिर, के अलावा तमाम देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।दुर्गा मंदिर में भक्तों के लगता है तांता राजधानी मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर बहुत ही प्राचीन है। यहां की मान्यता है कि भक्त जो भी मानते हैं। उनकी हर मुराद पूरी होती है। इसलिए सुबह से लेकर शाम तक भक्तों की दर्शन पाने के लिए लंबी-लंबी कतारें लगी रहती हैं। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सुबह शाम पुलिस बल भी तैनात है।

## डीएम के निर्देश की उड़ी धज्जियां, नही लगा कैंप बैरंग वापस लौटे वृद्ध व विकलांग पेंशन धारक

अमन लेखनी समाचार




हसनगंज, उन्नाव। लखनऊ मंडल आयुक्त द्वारा बीते दिनों सभी जिलाधिकारीयो को लेटर जारी कर ब्लॉको में विधवा, वृद्धा,विकलांग पेंशनो में केवाईसी,आधार सीडिंग सहित अन्य समस्याओं को लेकर कैंप लगाने के निर्देश दिए गए थे। जिसको लेकर डीएम के निर्देश पर हसनगंज ब्लाक मुख्यालय पर 7 अक्टूबर सोमवार को कंप्यूटर लैपटॉप व अन्य ऑनलाइन संसाधनों सहित कैंप लगान था लेकिन 12 बजकर 35 मिनट तक कोई भी जिम्मेदार नहीं पहुंचा जिससे आए हुए वृद्ध महिला पुरुष इधर-उधर भटकते रहे। 12:40 पर समाज कल्याण एडीओ पहुंचे जिनके पास कोई भी ऑनलाइन उपकरण नहीं था। जिससे आए हुए सभी पीड़ित बैरंग वापस लौट गए। भरहा निवाशी शिव प्यारी, नसरतपुर जंगलेमऊ निवाशी रामरती, सलेमपुर निवासी राम श्री, रसूलपुर बकिया निवासी दुलारा, निंदेमउ निवासी विधवा सुनीता देवी ,झालोतर निवासी कांति देवी सहित अन्य आधा सैकड़ा से अधिक पीड़ितों ने बताया दो सालों से पेंशन नहीं आई है कई बार कागज दे चुके हैं। लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है कागज लेकर कूड़े के ढेर में फेंक दिए जाते हैं। आज कैंप लगने की सूचना पर फिर से कागज लेकर आए थे लेकिन यहां पर कैंप ही नहीं लगाया गया इस संबंध में एसडीम रामदेव निषाद ने बताया कि यदि कैंप का आयोजन नहीं किया गया है खंड विकास अधिकारी से बात कर कार्यवाई के लिए निर्देशित किया जायेगा।

## पर्व को देखते पटाखा की दुकानों में की गई छापेमारी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आगामी दिवाली पर्व को देखते हुए जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने पटाखों की दुकानों पर छापेमारी शुरू कर दी है। जिलाधिकारी ( डीएम ) के निर्देश पर सोमवार को प्रमुख बाजारों और क्षेत्रों में स्थित पटाखों की दुकानों की गहन जांच की गई। छापेमारी का उद्देश्य दुकानों में पटाखों के भंडारण और आग बुझाने के उपकरणों की स्थिति का जायजा लेना था, ताकि सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।अग्निशमन अधिकारी शिवराम यादव और नायाब तहसीलदार ने जिले के अब्बासपुर सहित प्रमुख बाजारों में पटाखों की दुकानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान दुकानदारों से लाइसेंस, भंडारण क्षमता, और सुरक्षा उपकरणों से संबंधित जानकारी मांगी गई। अधिकारियों ने दुकानों में मौजूद आग बुझाने वाले सिलेंडरों और अन्य सुरक्षा उपायों का भी निरीक्षण किया।नायाब तहसीलदार ने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी हाल में सुरक्षा मानकों की अनदेखी न की जाए। जिन दुकानों में कमियां पाई गईं, वहां सुधार के लिए चेतावनी दी गई, जबकि कुछ दुकानदारों ने सुधार करने के लिए अतिरिक्त समय की मांग की।डीएम ने छापेमारी के बाद कहा कि दिवाली के समय पटाखों के भंडारण और बिक्री में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने साफ तौर पर चेतावनी दी कि अगर कोई दुकानदार सुरक्षा नियमों की अनदेखी करता पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने यह भी स्पष्ट किया कि यह छापेमारी अभियान दिवाली तक जारी रहेगा, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।प्रशासन की इस मुहिम से दुकानदारों में हड़कंप मच गया, लेकिन इस कदम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि उन्नाव में दिवाली का पर्व सुरक्षित और उल्लासपूर्ण तरीके से मनाया जा सके।

## पुलिस मुठभेड़ में गोकश के पैर में लगी गोली

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली पुलिस ने आपरेशन लंगड़ा के तहत मुठभेड़ के दौरान एक गोकश को गोमांस और तमंचा सहित दबोच लिया।गंजमुरादाबाद कस्बे के मोहल्ला पड़ियाना निवासिनी महिला के गोड़े से रविवार की रात एक गोवंश बछिया अचानक लापता हो गई थी। आज सुबह गोड़े से करीब डेढ़ सौ फिट दूर बछिया के अवशेष पाए गए। खबर फैलते ही नगर में आक्रोश व्याप्त हो गया। मुठभेड़ के दौरान गोकश के पैर में गोली लगी है। घायल गोकश को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

कस्बा गंजमुरादाबाद के मोहल्ला पड़ियाना निवासिनी सीमा कुशवाहा पत्नी दीपक कुशवाहा द्वारा कोतवाली बांगरमऊ में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया है कि दो गाय और दो बछिया घर से थोड़ी ही दूर स्थित गोड़े में बंधीं थीं। रविवार की शाम वह जानवरों को चारा-पानी कर वापस अपने घर आ गई थी। आज सोमवार की सुबह वह चारा लेकर गोड़े पहुंची तो वहां से एक अंबरसरी नस्ल की गेहुएं रंग की बछिया गायब मिली। खोज करने पर गोड़े से करीब डेढ़ सौ फिट दूर बछिया के कटे अवशेष मिले। गोकशी की खबर फैलते ही नगर में आक्रोश व्याप्त हो गया और सैकड़ों नागरिक इकट्ठा होकर स्थानीय पुलिस चौकी जा पहुंचे। संवेदनशील मामला भांपते ही पुलिस हरकत में आ गई और महिला सीमा कुशवाहा की तहरीर पर आनन-फानन रिपोर्ट दर्ज कर गोकश की सुरागरसी शुरू कर दी। पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार के अनुसार पुलिस को आज जानकारी मिली कि एक गोकश पड़ोसी ग्राम फतेहपुर खालसा के निकट स्थित एक बाग में मांस के टुकड़े बेंच रहा है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर जा पहुंची। पुलिस को देखकर गोकश भाग खड़ा हुआ। ललकारने पर गोकश ने तमंचे से पुलिस दल पर फायर झोंक दिया। जवाबी कार्यवाही में गोकश के बाएं पैर में गोली लगी और वह गिर पड़ा। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर गोकश ने अपना नाम गुल्लू उर्फ इलियास 23 वर्ष पुत्र एजाज मूल निवासी मोहल्ला कसैटा कस्बा गंजमुरादाबाद, अस्थाई निवासी इमिलिया बाग संडीला हरदोई बताया। गिरफ्तार गोकश के कब्जे से पुलिस ने गोमांस और देशी तमंचा बरामद किया है। पुलिस ने घायल गोकश को बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मेडिकल हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## सम्पादकीय

# जयशंकर का पाक दौरा एससीओ बैठक के लिए

विदेश मंत्री एस. जयशंकर की पाकिस्तान यात्रा केवल एससीओ बैठक के लिए है। वे 15-16 अक्टूबर को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में शामिल होंगे। 2015 में सुषमा स्वराज के बाद किसी भारतीय नेता का यह पहला दौरा होगा। इस यात्रा को लेकर भारत का रुख साफ है कि इस दौरान भारत की पाकिस्तान के साथ कोई बात नहीं होगी। पिछले नौ वर्ष से भारत व पाक के बीच वार्ता पर बर्फ जमी हुई है। भारत एससीओ के चार्टर के नियमों से बंधा हुआ है, इसलिए इसकी बैठक जहां होगी, वहां भारतीय प्रतिनिधि भाग लेंगे। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि जयशंकर के इस दौरे का पाकिस्तान के साथ कोई वास्ता नहीं है, पाकिस्तान से वार्ता के लिए भारत अपने पूर्व के रुख पर कायम है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद का खात्मा नहीं करता, तब तक भारत वार्ता शुरू नहीं करेगा। भारत वार्ता भी आतंकवाद व पीओके पर करेगा, कश्मीर पर नहीं। जयशंकर की यह यात्रा पाकिस्तान से रिश्ते सुधारने के लिए नहीं है। दरअसल, भारत से रिश्ते सुधारने का दायित्व पाकिस्तान पर है, वह शर्त का पालन करे तो नई दिल्ली के साथ संबंध मधुर हो सकता है। हाल ही में विधानसभा चुनाव के दरम्यान कश्मीर दौरे के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा था कि अगर पाकिस्तान से रिश्ते बेहतर होते तो भारत पाक की मदद करता। पाकिस्तान की मेजबानी में राजधानी इस्लामाबाद में एससीओ की बैठक हो रही है। चीनी प्रभुत्व वाले एससीओं में चीन, रूस, भारत, ईरान, कज़ाखस्तान, किर्गिज़स्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान व उज़्बेकिस्तान सदस्य हैं। पाकिस्तान ने 29 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एससीओ बैठक के लिए न्योता दिया था। न्योता आने के बाद 30 अगस्त को जयशंकर ने दोनों देशों के रिश्ते पर बयान दिया था, जिसमें कहा कि पाकिस्तान से बातचीत का दौर खत्म हो चुका है। प्रधानमंत्री मोदी आखिरी बार साल 2015 में एक सरप्राइज विजिट पर लाहौर पहुंचे थे। तब उन्होंने पाकिस्तान के पीएम नवाज शरीफ से मुलाकात की थी। इसके बाद दिसंबर 2015 में तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज पाकिस्तान दौरे पर गई थीं। पर पाक ने पीएम व विदेश मंत्री की यात्रा की कद्र नहीं की, अगले साल ही 2016 में भारतीय जवानों के वेश मंथ 4 आतंकी उरी में भारतीय सेना के ब्रिगेड हेडक्वार्टर में घुस गए थे। 3 मिनट के अंदर आतंकियों ने 15 से ज्यादा ग्रेनेड कैंप पर फेंके थे। इस हमले में सेना के 19 जवान शहीद हो गए थे। हमले का जवाब देने के लिए 28-29 सितंबर की रात सेना ने पीओके में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक कर दी थी। इस हमले में 38 आतंकी मारे गए थे। इसके बाद से दोनों देशों के रिश्तों में तल्खी बढ़ती गई है। भारत में पाक कलाकारों और फिल्मों का भी बॉयकॉट हुआ। भारतीय क्रिकेट टीम भी आखिरी बार 2008 में मैच खेलने पाकिस्तान गई थी। इस साल 3-4 जुलाई को कजाकिस्तान में हुए एससीओ समिट में भी विदेश मंत्री जयशंकर ने ही भारत का प्रतिनिधित्व किया था। पिछले दो बार से पीएम इस बैठक में भाग नहीं ले रहे हैं, इसके पीछे चीन के साथ सीमा पर तनाव व पाक से खराब रिश्ते वजह मानी जा रही है। मई 2023 में पाक के तत्कालीन विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी जब गोवा में एससीओ विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए भारत आए थे, तब भी भारत व पाक के बीच कोई बात नहीं हुई थी। बिलावल का यह दौरा 12 सालों में किसी पाकिस्तानी विदेश मंत्री का पहला दौरा था। जय शंकर के इस पाक दौरे का कोई भी कूटनीतिक मतलब नहीं निकाला जाना चाहिए।

## आर्थिकी
सतीश सिंह



# फेडरल रिजर्व के फैसले का वैश्विक प्रभाव

अमेरिका के फेडरल रिजर्व को दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों का अगुआ माना जाता है, जिसका सबसे बड़ा कारण अमेरिकी डॉलर का दुनिया के सबसे मजबूत करेंसियों में से एक होना और सामरिक और आर्थिक दृष्टिकोण से अमेरिका का दुनिया का सबसे मजबूत देश होना है। अमूमन, फेडरल रिजर्व के नक्शे-कदम पर दुनियाभर के केंद्रीय बैंक चलते हैं। हालांकि,सभी देशों की आर्थिक स्थिति अलग-अलग होने के कारण कभी-कभी कुछ देश के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व से इतर निर्णय लेते हैं। कुछ अपवादों को छोड़ दिया जाये तो भारत भी फेडरल रिजर्व द्वारा लिए गए निर्णयों के अनुरूप कदम उठाता है। विगत 4 वर्षों में पहली बार फेडरल रिजर्व ने 18 सितंबर को नीतिगत दरों में 50 आधार अंकों की कटौती की है, जिसके बाद दुनिया के दूसरे देशों के केंद्रीय बैंकों द्वारा भी नीतिगत दरों में कटौती करने की संभावना बढ़ गई है। वैसे, इसे अमेरिका में संभावित आर्थिक मंदी को लेकर फेडरल रिजर्व की बढ़ती आशंकाओं के रूप में भी देखा जा रहा है, क्योंकि अभी अमेरिका में विकास की गति धीमी है, जिसमें तेजी लाने के लिए ऐसा करना जरूरी है। फेडरल रिजर्व के ताजा निर्णय के बाद विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजार में ज्यादा निवेश किया है। 24 सितंबर को सेंसेक्स और निफ्टी अपने शीर्ष स्तर को छूने में कामयाब रहा। दरअसल, डॉलर के कमजोर पड़ने, उधारी दर में कमी आने, निवेश व कारोबारों में तेजी आने आदि की संभावना बढ़ी है, जिसकी पुष्टि निवेश में तेजी से हो रही है। सवाल का यहां उठना लाजिमी है कि क्या फेडरल रिजर्व की तर्ज पर आगामी मौद्रिक समीक्षाओं में भारतीय रिजर्व बैंक रेपो दर में कटौती करेगा, क्योंकि महंगाई और विकास के बीच के तालमेल को बनाये रखने के लिए फरवरी 2023 के बाद से रिजर्व बैंक ने रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया है और यह 6.5 प्रतिशत पर बरकरार है। इसलिए, रिजर्व बैंक को रेपो दर में कटौती करने से पहले मौजूदा आर्थिक स्थिति, जीडीपी वृद्धि दर, महंगाई की स्थिति, आर्थिक गतिविधियों की गति आदि बिंदुओं पर गहन विमर्श करना होगा। भारत में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े निरंतर बेहतर हो रहे हैं। वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने कैलेंडर वर्ष 2024 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि अनुमान को बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 6.8 प्रतिशत और 6.1 प्रतिशत थी। हालांकि, मूडीज ने 2025 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि अनुमान को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखा है, जबकि 2026 के लिए जीडीपी वृद्धि अनुमान 6.6 प्रतिशत जताया है। भले ही, मूडीज़ ने कैलेंडर वर्ष 2024 की तुलना में कैलेंडर वर्ष 2025 और 2026 में जीडीपी वृद्धि दर अनुमान कम जताया है, लेकिन ये आंकड़े विश्व के कई विकसित देशों से बेहतर हैं। खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई और अगस्त महीने में 4 प्रतिशत से नीचे रही है और बारिश के खत्म होने के बाद खाद्य पदार्थों की कीमत में कमी आने का अनुमान है, जिससे आगामी महीनों में खुदरा मुद्रास्फीति में और भी कमी आने के कयास लगाये जा रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार भी वित्त वर्ष 2025 में मुद्रास्फीति घटकर 4.5 प्रतिशत रह सकती है। एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई सितंबर 2024 में घटकर 56.7 रह गया, जो अगस्त महीने में 57.5 रहा था। सेवा पीएमआई भी सितंबर महीने में घटकर 58.9 प्रतिशत रह गया, जो अगस्त महीने में 60.9 रहा था। बेशक, विनिर्माण और सेवा पीएमआई में अगस्त महीने के मुक़ाबले सितंबर महीने में आंशिक गिरावट दर्ज की गई है। फिर भी, यह 50 से ऊपर है, जो दर्शाता है कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में तेजी का रुख बना हुआ है। रेपो दर फरवरी 2023 से 6.5 प्रतिशत के स्तर पर कायम है। दिसंबर 2023 की तुलना में ऋण उठाव में 5.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई और 9 अगस्त 2024 को समाप्त पखवाड़े के लिए क्रमिक रूप से 0.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। निरपेक्ष रूप से, पिछले 8 महीनों में, ऋण उठाव 9.2 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 9 अगस्त 2024 तक 168.8 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। अगर रेपो दर में कटौती की जाती है तो उधारी के उठाव एवं विकास में और भी तेजी आएगी।



## कश्मीर
मनोज कुमार अग्रवाल

# नसरल्लाह की मौत पर घाटी में रोष क्यों

**लेबनान की राजधानी बेरूत पर एयर स्ट्राइक में हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह के मारे जाने के बाद उनके चचेरे भाई हाशिम सफीद्दीन को हिजबुल्लाह चीफ घोषित किया गया है। नसरल्लाह की मौत का रोष जम्मू कश्मीर में देखने को मिला है। यहां विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी छात्रा ने कहा कि आपने एक हिजबुल्लाह को मारा है, अब हर घर से नसरल्लाह निकलेगा', नसरुल्लाह की मौत पर इजरायल पर आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है। हसन नसरल्लाह की मौत के बाद जम्मू–कश्मीर के बडगाम की सड़कों पर लोगों ने जमकर प्रदर्शन किया। लोगों ने नसरल्लाह के पोस्टर के साथ इजरायल के खिलाफ नारे लगाए। ऐसा क्यों?**

इजराइल द्वारा लगातार हिजबुल्ला आतंकियों को निशाना बनाते हुए उनके ठिकानों पर एयर स्ट्राइक के दौरान हिजबुल्ला चीफ हसन नसरल्लाह मारा गया। इजरायली डिफेंस फोर्स ने कहा कि अब हसन नसरल्लाह दुनिया में आतंक नहीं फैला पाएगा। वह 32 साल से संगठन का चीफ था, लेकिन क्या हिजबुल्ला चीफ नसरल्लाह के मारे जाने से आतंकवाद दफन हो जाएगा? दरअसल जरूरत नसरल्लाह के खात्मे की नहीं, उस कट्टरपंथी आतंकी मानसिकता के सफाए की है जो नसरल्लाह को जन्म देती है। आपको बता दें कि विश्व के सबसे बड़े सशस्त्र और आतंकी संगठन हिजबुल्लाह का 32 वर्षों तक नेतृत्व करने वाला नसरल्लाह शुक्रवार के हमले में मारा गया है। अब हिजबुल्ला अपने 42 साल के इतिहास में सबसे भारी हमले के बाद अस्तित्व के लिए कठिन चुनौती का सामना कर रहा है।

लेबनान की राजधानी बेरूत पर एयर स्ट्राइक में हिजबुल्ला चीफ हसन नसरल्लाह के मारे जाने के बाद उनके चचेरे भाई हाशिम सफीद्दीन को हिजबुल्ला चीफ घोषित किया गया है, उसके भी मारे जाने की खबर है। नसरल्लाह की मौत का रोष जम्मू कश्मीर में देखने को मिला है। यहां विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी छात्रा ने कहा कि 'आपने एक हिजबुल्ला को मारा है, अब हर घर से नसरल्लाह निकलेगा', नसरुल्लाह की मौत से इजरादल पर आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है। हसन नसरल्लाह की मौत के बाद जम्मू-कश्मीर के बडगाम की सड़कों पर लोगों ने जमकर प्रदर्शन किया। लोगों ने नसरल्लाह के पोस्टर के साथ इजराइल के खिलाफ नारे लगाए। कश्मीर में प्रदर्शन कर रही एक छात्रा ने इजरायल पर गुस्सा दिखाते हुए कहा, 'मैं लेबनान के लोगों को हौसला देना चाहूंगी कि वो बिल्कुल भी फिक्र न करें, हम उनके साथ हैं। आपको पता नहीं है कि आपने किसको मारा है। अब हर घर से हिजबुल्ला निकलेगा'। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस एयर स्ट्राइक में नसरल्लाह के अलावा उसकी बेटी जैनब की भी मौत हुई है। इजराइल ने यह हमला तब किया, जब नसरल्लाह और ईरान समर्थित समूह के कई अन्य नेता लेबनान की राजधानी बेरूत में एक बंकर में जमा हुए थे। ये लोग दक्षिण बेरूत के व्यस्त इलाके में जमीन से 60 फीट नीचे इजराइल पर हमले की प्लानिंग कर रहे थे। इस क्षेत्र को तबाह करने के लिए आईडीएफ ने लगभग 80 टन बम का इस्तेमाल किया था। दहियाह के बेरूत उपनगर में हमला इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा संयुक्त राष्ट्र को संबोधित करने के तुरंत बाद हुआ, जिसमें उन्होंने कसम खाई थी कि हिजबुल्ला के खिलाफ इजराइल का अभियान जारी रहेगा। जानकारी के मुताबिक, विस्फोट से कुछ समय पहले ही इससे पहले हुई स्ट्राइक में मारे गए वरिष्ठ कमांडर सहित तीन हिजबुल्ला सदस्यों के अंतिम संस्कार के लिए लोग जमा हुए थे। सूत्रों ने कहा कि उसके शरीर पर कोई सीधा घाव नहीं था और ऐसा लग रहा है कि मौत का कारण तेज धमाके से हुआ ट्रॉमा रहा होगा। उधर, इजराइली सेना ने कहा कि उसने पिछले कुछ घंटों के दौरान लेबनान में हिजबुल्ला के कई ठिकानों पर हमला किया है। सेना का कहना है कि हमलों का उद्देश्य हिजबुल्ला के रॉकेट लॉन्चर और हथियार गोदामों को तबाह करना था। महीनों की योजना और कई



खुफिया सूचनाओं के बाद, इजरायल ने एक अंडरग्राउंड बंकर पर सटीक हमला किया, जहां नसरल्लाह और कई अन्य हिजबुल्ला नेता बैठक कर रहे थे। यह बंकर दक्षिण बेरूत की एक व्यस्त सड़क से 60 फीट नीचे स्थित था। 31 अगस्त 1960 को बेरूत के उत्तरी बुर्ज हम्मूद उपनगर में जन्मे नसरल्लाह का जन्म एक गरीब किसान परिवार में हुआ था। उसके आठ भाई-बहन थे। नसरल्लाह शिया समुदाय से ताल्लुक रखता था। उसके पिता अब्दुल करीम एक छोटी सी सब्जी का दुकान चलाते थे। 1975 में लेबनान में गृह युद्ध छिड़ जाने के बाद वह अमल आंदोलन में शामिल हो गया था।

साल 1992 में नसरल्लाह को हिजबुल्ला का महासचिव बनाया गया था। उसने अब्बास अल-मुसावी की जगह ली थी। मुसावी को भी इजरायल ने ही मार गिराया था। हसन नसरल्लाह को कड़ी सुरक्षा में रखा जाता था। एक इंटरव्यू में नसरल्लाह ने कहा था कि वो बंकर में नहीं रहते, लेकिन वो समय-समय पर अपना ठिकाना बदलते रहते हैं। जो उसका इंटरव्यू लेने जाते थे, उन्हें ये तक पता नहीं होता कि वे कहां पर मौजूद हैं। दशकों से नसरल्लाह अपने भाषणों को खुफिया स्थान से जाकर प्रसारित करता था। वो न सिर्फ लेबनान में बल्कि पश्चिम एशिया के सबसे प्रभावशाली लोगों में से एक था। बताया है कि लेबनान के बेरूत में हवाई हमले में हिजबुल्ला नेता सैय्यद हसन नसरल्लाह के मारे जाने से कुछ घंटे पहले एक ईरानी जासूस ने इजराइली अधिकारियों को उनके ठिकाने के बारे में जानकारी दी थी। हिजबुल्ला चीफ हसन नसरल्लाह की मौत हो गई है। इसकी आंच भारत तक पहुंच गई है।

भारत के जम्मू व कश्मीर के बडगाम इलाके में बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए और उन्होंने हसन नसरल्लाह की मौत की मुखालफत की। विरोध प्रदर्शन में हसन नसरल्लाह की मौत पर आक्रोश व्यक्त करते हुए एक रैली निकाली गई, इसमें औरतें और बच्चे भी शामिल हुए। जम्मू व कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने हसन नसरल्लाह की मौत के दुख में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी का विधानसभा चुनाव अभियान रोक दिया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी लेबनान और गाजा के लोगों के साथ खड़ी है। महबूबा मुफ्ती ने एक्स पर लिखा कि 'मैं गाजा और लेबनान खासकर हसन नसरल्लाह की शहादत के वास्ते कल का अपना चुनावी अभियान रोकती हूं। इस अपार दुःख और प्रतिरोध की घड़ी में हम लेबनान और गाजा के लोगों के साथ खड़े हैं।' सवाल उठता है कि भारत में कश्मीर की सड़कों पर हर घर से निकलेगा नसरल्लाह के नारे लगाने के पीछे कौन लोग हैं? इनकी मानसिकता क्या है? दरअसल नसरल्लाह के समर्थक उसे आतंक का सरगना या सरपरस्त मानने के लिए तैयार नहीं है। अंजुमन-ए-शरी के अध्यक्ष शियान आगा सैयद ने कहा कि हम उनकी मौत पर कितना भी शोक मनाएं, यह हमेशा कम होगा, शांति होनी चाहिए और यही उनका मिशन था। उस पर आतंकवाद में शामिल होने का आरोप लगाया गया था ताकि लोगों को पता न चले कि वह मानवता के लिए क्या कर रहा है और वह क्या चाहता है। वह फिलिस्तीन के लोगों के लिए फिलिस्तीन को आजाद कराना चाहता था। मैं पूरी मानव जाति से और इस्लामिक देशों के लोगों से यह कहना चाहता हूं कि उनकी शहादत को ऐसे ही नहीं जाने देना चाहिए। उनकी कमी को पूरा नहीं किया जा सकता लेकिन इतना तय है कि उनके खून से हजारों नसरल्लाह पैदा होंगे और इस मिशन को आगे बढ़ाएंगे और सफलता हासिल करेंगे। उधर हमास के आतंकी भी नसरल्लाह की मौत का बदला लेने की बात कह रहे हैं। लेकिन इतना तय है कि इजराइल के कंधे पर अमेरिका का हाथ है और अमेरिका इजराइल के कंधे पर बंदूक रख कर हिजबुल्ला का सफाया करने में मददगार बना है।


# साधना से ही मिलता है वास्तविक सुख



संकलित
**दर्शन**

अधिकांश व्यक्ति आज भौतिक मूल्यों के उपासक बन गए हैं। इस कारण जीवन के धर्म एवं मर्म को भुला बैठे हैं। उनकी इस उपासना ने दुनिया के बाह्य जगत को बड़ा सुहावना, लुभावना और आकर्षक बना दिया है। जबकि वास्तविक सुख आंतरिक सौंदर्य, अंतर्जगत की जागृति एवं अंतर्यात्रा से ही संभव है। भौतिक आकर्षण के पीछे मनुष्य दौड़ रहा है। यदि वह क्षण भर रुककर गंभीरता से सोचे तो उसे पता चलेगा कि यह सब भ्रम जाल है। जीवन वह नहीं, जिसे वह जी रहा है। संत एकनाथ ने कहा है कि धन जोड़कर भक्ति का दिखावा करने से कोई लाभ नहीं, क्योंकि ऐसा करने से मन में वासना और भी बढ़ जाएगी और जिनका चित्त वासना में फंसा हुआ है, उन्हें अंतरात्मा के दर्शन कैसे हो सकते हैं। वास्तविक सुख पाने के लिए व्यक्ति भक्ति यानी साधना की ओर प्रवृत्त होता है। स्थायी सुख की प्राप्ति भक्ति पर ही निर्भर है। भक्ति से मन को वश में करना है और मन को वश में करने का सरल उपाय है उसे परमात्मा के हेतु निरंतर भले कार्यों में लगाए रखना। महात्मा गांधी ने प्रेमा बहन के नाम लिखे पत्र में लिखा है-जो लोग कृष्ण-कृष्ण कहते हैं वे उसके पुजारी नहीं हैं। जो उनका काम करते हैं, वे ही पुजारी हैं। रोटी-रोटी कहने से पेट नहीं भरता, अपितु रोटी खाने से ही भरता है। मन को वश में लाने का अभ्यास अनेक प्रकार का होता है। इन अभ्यासों को ही भक्ति यानी साधना कहा गया है।

# मृत्यु के बाद के साथी



संकलित
**प्रेरणा**

एक व्यक्ति के तीन घनिष्ठ मित्र थे। उन्होंने जीवन भर उसका साथ निभाया। जब वह मरने की अवस्था के निकट पहुँचा तो अपने मित्रों को पास बुलाकर बोला- अब मेरा अंतिम समय आ गया है। तुम लोगों ने आजीवन मेरा साथ दिया है। मृत्यु के बाद भी क्या तुम लोग मेरा साथ दोगे? पहला मित्र बोला- मैंने जीवन भर तुम्हारा साथ निभाया। लेकिन अब मैं बेबस हूँ। इससे आगे अब मैं तुम्हारी कोई मदद नहीं कर सकता हूँ। दूसरा मित्र बोला- मैं मृत्यु को नहीं रोक सकता। मैंने आजीवन तुम्हारा हर परिस्थिति में साथ दिया है। तुम्हारे जाने के बाद, मैं यह सुनिश्चित करूँगा कि तुम्हारी अंतिम संस्कार की प्रक्रिया यथावत संपन्न हो।

तीसरा मित्र बोला- मित्र! तुम तनिक भी चिंता मत करो, मैं मृत्यु के बाद भी तुम्हारा साथ दूँगा, तुम जहाँ भी जाओगे, मैं तुम्हारे साथ रहूँगा। मनुष्य के ये तीन घनिष्ट मित्र हैं- धन, परिवार एवं कर्म। इन तीनों में से मनुष्य के कर्म ही मृत्यु के बाद भी उसका साथ निभाते हैं। धन समय को साथ यहां छूट जाता है। उसे मनुष्य मृत्यु के बाद अपने साथ नहीं ले जा सकता। यही स्थिति परिवार की होती है। मृत्यु के बाद व्यक्ति के साथ उसका परिवार भी नहीं जाता। सिर्फ इस संसार में किए गए अच्छे कर्म ही मृत्यु के उपरान्त उसके साथ जाते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**युद्ध हमेशा नुकसान लेकर आए हैं**

ईरान ने इजरायल पर अप्रैल में हमला किया था। उसी समय से इन दोनों में तनाव चल रहा है और अब ईरान ने एक बार फिर से जबरदस्त हमला इजरायल पर किया। इस बार उसने लगभग 180 मिसाइलों से हमला किया और बहुत ज्यादा ताकतवर मिसाइल फतह-2 का प्रयोग किया। यह मिसाइल हाइपरसोनिक मीडियम-रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल है। ईरान-इजरायल के बीच जो तनाव बढ़ रहा है, उसके लिए कुछ बुद्धिजीवी और अन्य लोग यह मान रहे हैं कि इन दोनों देशों का यह तनाव विश्व को विश्व युद्ध की तरफ ले जा सकता है। युद्ध चाहे किसी भी युग में क्यों न हो, हमेशा बर्बादी ही लाता है। लेकिन प्राणी जाति में सबसे समझदार समझा जाने वाला इनसान युद्ध में ही विश्वास रख रहा है। - **देवेंद्र यादव**, राजिम

## ट्रेंड

### मेरी गहरी संवेदनाएं!



मिर्जापुर में हुआ सड़क हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। इसमें जान गंवाने वालों के शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ईश्वर उन्हें इस पीड़ा को सहने की शक्ति प्रदान करे। मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### जीरो टॉलरेंस की नीति



एक ओर जहां मोदी सरकार 'नशामुक्त भारत' के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है, वहीं उत्तर भारत से पकड़ी गई ड्रग्स की 5,600 करोड़ की खेप में कांग्रेस के एक प्रमुख व्यक्ति की संलिप्तता बेहद खतरनाक और शर्मनाक है।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### खनन में नीलामी



सरकार ने अधिक पारदर्शिता के लिए खनन में नीलामी शुरू की थी। लेकिन सीमित ब्लॉक ही ऑफर पर होते हैं और इतने सारे स्टील निर्माता कच्चे माल की सुरक्षा चाहते हैं, तो मांग-आपूर्ति में विसंगति होती है और बोली की कीमतें बढ़ जाती हैं।
**-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति**

### 'पानी' अस्तित्व की लड़ाई



ऐसी दुनिया में जहां पानी दुर्लभ है, प्रेम सबसे बड़ा संसाधन है। यह हमें दिखाता है कि जब जुनून और उद्देश्य एक हो जाते हैं, तो कुछ भी संभव है। फिल्म 'पानी' कहानी से कहीं अधिक अस्तित्व की लड़ाई है।
**-प्रियंका चोपड़ा, अभिनेत्री**

## करंट अफेयर

# नोबेल पुरस्कारों की घोषणा अगले हफ्ते से होगी शुरू

दुनिया के कई हिस्सों में छिड़े युद्ध, शरणार्थी संकट, अकाल और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस दौर में अगले हफ्ते से नोबेल पुरस्कारों की घोषणा शुरू हो जाएगी। पुरस्कार के ऐलान के सप्ताह में संयोग से सात अक्टूबर की वह तिथि भी आएगी जो हमास की अगुवाई में इजराइल पर किये गये हमले की बरसी भी है। हमास के हमले के बाद से पूरे पश्चिम एशिया में रक्तपात और युद्ध की शुरुआत हो गई जो करीब सालभर से जारी है। साहित्य और विज्ञान के लिए नोबेल पुरस्कार को छूट दी जा सकती है।



## ऑफ बीट

# हम नहीं जानते सारा ब्रह्मांड अनंत है या नहीं



लगभग 400 साल पहले दूरबीनों के आविष्कार के साथ इंसान कहीं ज़्यादा दूर तक देखने में सक्षम हुए और वहां तक देख पाए जहां सिर्फ आंखों से देख पाना संभव नहीं था। वे आकाश में नई चीजों की खोज करते रहे। उन्हें और भी तारे मिले और फिर अंतत: उन्होंने पाया कि वहां अजीब से दिखने वाले बहुत सारे ब्रह्मांडीय बादल थे। खगोलविदों ने इन्हें 'नेबुला' नाम दिया जो लैटिन शब्द 'धुंध' या 'बादल' से लिया गया है। हमने करीब 100 वर्ष पूर्व, पहली बार पुष्टि की थी कि ये ब्रह्मांडीय बादल या नेबुला वास्तव में आकाश गंगाएं हैं हालांकि तकनीकी रूप से हमारे ब्रह्मांड का एक छोर है। हम इसे अपना ''अवलोकनीय' ब्रह्मांड कहते हैं।

## संक्षेप

### पोस्टर प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। गंजमुरादाबाद क्षेत्र के रसूलपुर रूरी स्थित श्री विशंभर दयाल त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय में विख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विशंभर दयाल त्रिपाठी की 125 वीं जयंती माह अंतर्गत आज सोमवार को ह्यवन्य जीव संरक्षणह्न पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के दर्जनों छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग करते हुए वन्य जीव संरक्षण का संकल्प लिया। वहीं महाविद्यालय के प्राचार्य ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए वन्य जीवों की सुरक्षा हेतु जागरूक किया। प्रतियोगिता के संयोजक जन्तु विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. अनुराग रावत ने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि पृथ्वी को बचाना है तो हमें वन्य जीवों का संरक्षण करना होगा। अन्यथा पृथ्वी पर मनुष्य का जीवन भी खतरे में पड़ जायेगा। सह-संयोजक कृषि विज्ञान संकाय के सहायक प्रो डॉ. कुलदीप कुमार शुक्ला ने भी वन्य जीवों के संरक्षण हेतु प्रेरित किया। अंत में निर्णायक मण्डल के सदस्य डॉ. नलिन कुमार सिंह, डॉ. नवनीत कौर एवं डॉ. मनीषा बाजपेई ने प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा प्रियल पटेल प्रथम, एम.ए इतिहास की छात्रा सलोनी कश्यप द्वितीय एवं बीसीए प्रथम वर्ष की छात्रा शिवानी पाल को तृतीय स्थान पर विजयी घोषित किया। कार्यक्रम में डॉ. अरविन्द कुमार, डॉ. रजनीश कुमार, डॉ. विकास बाजपेई, अमित कुमार, विनीत कुमार, डॉ. दयानन्द मिश्रा, नन्हा सिंह, अनिल कुमार यादव, योगेन्द्र सिंह व वरुण कुमार आदि ने सहयोग किया।

### एक्सीडेंट में युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, सुल्तानपुर में बीती देर रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के गले, सिर आदि स्थानों पर चोट के निशान मिले हैं। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने जांच की और बताया कि सड़क हादसे में युवक की मौत हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना अखंडनगर थाना अंतर्गत जहीरुद्दीन पुर गांव की है। जानकारी के अनुसार जौनपुर जिले के शाहगंज कोतवाली अंतर्गत दौलतपुर निवासी प्रेम चंद गुप्ता (30) पुत्र ननकहू अखंडनगर थाना अंतर्गत कस्बे में पत्नी सुमन और दो बच्चों के साथ रहता था। वो क्षेत्र में कबाड़ बीनने का काम करता। स्थानीय लोगों की मानें तो दिन भर कबाड़ बीनने के बाद प्रेम शाम को शराब पीता और सड़कों पर भटकता रहता था। बीती रात शराब पीने के बाद वो रात को सड़क पर भटक रहा था। टहलते हुए प्रेम चंद थाना क्षेत्र के अखंडनगर-दोस्तपुर मार्ग पर जहीरुद्दीनपुर के पास पहुंचा था तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उसे सिर, गर्दन आदि स्थानो पर गहरी चोटें आईं। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। थाने की पुलिस ने आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखंडनगर पहुंचाया, जहां डॉक्टर सुधीर बरनवाल ने उसे मृत घोषित कर दिया। पति की मौत की खबर पाकर पत्नी सुमन का रो-रोकर बुरा हाल है।

# समाज की भावी पीढ़ी का निर्माणकर्ता है शिक्षक : बीईओ नवाबगंज

### शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। विकास क्षेत्र नवाबगंज अंतर्गत परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र नवाबगंज (बाबागंज) में आयोजित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा के निर्देशन में आयोजित इस चार दिवसीय प्रशिक्षण में संदर्भदाता सुनील कुमार, राकेश मौर्य, निर्मल शुक्ला, अमित कुमार ने शिक्षकों को वर्तमान सत्र में कक्षा एक व दो में संचालित एनसीईआरटी आधारित नवीन पाठ्य पुस्तकों की विषयवस्तु तथा शिक्षण नीतियों की जानकारी दी।एआरपी सुनील कुमार ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य वर्तमान शैक्षिक सत्र में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम पर आधारित भाषा- गणित व अंग्रेजी की नवीन पाठ्य पुस्तकों सारंगी, आनंदमय गणित व मृदंग की विषयवस्तु तथा कक्षा 3, 4 व 5 में संदर्शिका आधारित भाषा-गणित की शिक्षण नीतियों से अवगत कराना है। प्रशिक्षण के प्रथम व चतुर्थ दिवस में प्रतिभागियों द्वारा प्री व पोस्ट टेस्ट के माध्यम से स्वआकलन भी किया गया। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा ने कहा

शिक्षक समाज का मार्गदर्शक होता है। वह न केवल बच्चों बल्कि संपूर्ण समाज का मार्गदर्शन करता है, समाज की भावी पीढ़ी का निर्माण करता है। उन्होंने कहा कि मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि हमारे शिक्षक साथी प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारियों का सम्यक प्रयोग करते हुए सभी बच्चों को निपुण बनाएंगे।

2 सितंबर से 7 अक्टूबर तक 13 बैच में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विकास क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत 600 से भी अधिक शिक्षक- शिक्षिकाओं तथा शिक्षामित्रों को प्रशिक्षित किया गया।

# मिशन शक्ति के तहत खैरीघाट पुलिस ने महिलाओं को चौपाल लगाकर किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। मिशन शक्ति के तहत खैरीघाट पुलिस ने अलीपुर कला में चौपाल लगाकर महिलाओं को किया जगरूक। महिलाओं की सुरक्षा हेतु पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा दिए गए निदेर्शों के क्रम में थाना अध्यक्ष खैरीघाट संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में रविवार को ग्राम अलीनगर कलां थाना खैरीघाट जनपद बहराइच में एंटी रोमियो टीम के द्वारा महिला चौपाल लगाकर महिलाओ और बच्चियो को उच्चाधिकार दिए गये आदेशो निदेर्शों के क्रम मे तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजना के बारे मे व बालिकाओं से उनकी समस्याओं को मद्देनजर रखते हुए महिलाओं पर हो रहे अपराध के प्रति उन्हें जागरूक किया गया। पम्पलेट्स वितरित किये गये व महिला संबंधी घटित अपराध की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1090,1098,107, 112,181, 108 व साइबर संबंधित अपराध के शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1930 की जानकारी दी गई तथा सरकारी योजनाएं जैसे कन्या सुमंगला योजना, पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना, मातृ वंदना योजना, वृद्धा पेंशन योजना, आयुष्मान प्रधानमंत्री, उज्जवला योजना व बालिकाओं से उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ करते हुए जानकारी दी गई। एंटी रोमियो, मिशनशक्ति टीम म.उ.नि. रागिनी वर्मा म0आ0 पुष्पा यादव, मान्सी सिंह, अंजली पाण्डेय व बबिता यादव मौजूद रहीं।

# चौपाल लगाकर महिलाओं को बताए अधिकार



चौपाल लगाकर महिलाओं को दी गई जानकारी

अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। पुलिस विभाग की ओर से टेड़वा अल्पी मिश्र गांव में सोमवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें महिलाओं को उनके अधिकार बताए गए। फखरपुर थाना क्षेत्र के टेड़वा अल्पी मिश्र गांव में सोमवार को मिशन शक्ति 5.0 टीम के द्वारा महिला चौपाल लगाकर महिलाओ और बच्चियो को उच्चाधिकार बताए। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजना के बारे मे व बालिकाओं से उनकी समस्याओं को मद्देनजर रखते हुए महिलाओं पर हो रहे अपराध के प्रति उन्हें जागरूक किया गया। पम्पलेट्स वितरित कर महिला संबंधी घटित अपराध की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1090,1098 ,1076, 112 ,181, 108 और साइबर संबंधित अपराध के शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1930 की जानकारी दी। तथा सरकारी योजना कन्या सुमंगला योजना, पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना,मातृ वंदना योजना,वृद्धा पेंशन योजना, आयुष्मान प्रधानमंत्री, उज्जवला योजना के बारे में बालिकाओं से उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ करते हुए जानकारी दी गई। इस दौरान महिला उपनिरीक्षक विनीता रावत, कीर्ति, कांस्टेबल कुसुम चौधरी, नितेश यादव सिपाही अबरार और अवधेश मौजूद रहे।

# ब्लाक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

### प्रतियोगिता के टॉप 100 बच्चे शैक्षिक भ्रमण के लिए चयनित

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों में जिज्ञासा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने, बच्चों में मनोवैज्ञानिक मनोवृत्ति का विकास करने तथा विद्यालयों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से ब्लॉक संसाधन केंद्र नवाबगंज के उच्च प्राथमिक विद्यालय बाबागंज में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लाक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा के निर्देशन में आयोजित इस प्रतियोगिता में, पूर्व में विद्यालय स्तर पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रथम चरण की क्विज प्रतियोगिता में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 100 बच्चों का चयन शैक्षिक भ्रमण तथा टॉप 25 स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों का चयन द्वितीय चरण की क्विज प्रतियोगिता के लिए किया गया। क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा द्वारा स्टेशनरी किट व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। परीक्षा के सफल आयोजन में एआरपी सुनील कुमार, निर्मल शुक्ला, राकेश मौर्या, शिक्षक सदभव श्रीवास्तव अखिलेश चंद्र अवस्थी, आकृति गुप्ता, शबीना बानो, किरन वर्मा, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, संकुल शिक्षक त्रिलोकी नाथ वर्मा, आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# ट्रांसफार्मर चोरी करने वाले तीन अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली से चंद कदम दूर पर भारी भरकम बिजली ट्रांसफार्मर चबूतरे पर रक्खा था जिसको चोरों द्वारा एक माह पूर्व उठा ले गए थे पुलिस ने अज्ञात में एफआईआर दर्ज कर ली थी जिसमें तीन अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दियो बीघापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत थाने से थोड़ी दूर पर पक्के चबूतरे पर दुकानों के पास एक बड़ा ट्रांसफार्मर एक माह पूर्व रात में चोरीं हों गया था पड़ोसी दुकानदार ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया था पुलिस लगातार चोरों को पता लग रही थी जिसमें तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जिन्होंने चोरी कबूली जिसमें सलीम पुत्र अली अहमद निवासी अमीरे पुरवा मौज कमीर थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात आयु लगभग 35 वर्ष फिरोज खान पुत्र मोहम्मद खान निवासी रहीमपुर आयु लगभग 30 वर्ष सर्वेश कुमार दिवाकर पुत्र रमेश स्वरूप राजू निवासी कटका थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात आयु लगभग 24 वर्ष को बारा सगवर जाने वाली रोड पर उदल फौजी अकादमी के पास से गिरफ्तार किया जिनके पास से एक आदत आरी 6 आदत ब्लेट एक पाइप प्रिंट एक टार कटर इंसुलेटर बरामद किए जिनके खिलाफ भारतीय न्याय संगीता 2023 के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया।

# दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए तैनात किये गये मजिस्ट्रेट

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। जनपद में श्री मां दुर्गा पूजा (नवरात्रि) में स्थापित प्रतिमाओं का विसर्जन तथा विजयदशमी (दशहरा) पर्व को शान्तिपूर्ण ढंग से सौहार्दपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी द्वारा जोनल, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किये गये है। आसान्न त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत बहराइच नगर को 05 जोन व 13 सेक्टर में विभाजित कर जोन व सेक्टरवार जिला स्तरीय अधिकारियों को मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है। इसके अलावा विसर्जन स्थलों के लिए स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी तैनात किये गये है। नगर मजिस्ट्रेट को सम्पूर्ण नगर क्षेत्र का ओवर आल प्रभारी एवं क्षेत्राधिकारी नगर को सह पुलिस प्रभारी की जिम्मेदारी सौपी गयी है। आसन्न त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जनपद स्तर आपदा कार्यालय में कन्ट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है जिसका दूरभाष नम्बर 05252-230132 है। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित श्री मॉ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन शान्तिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जनपद के विभिन्न स्थानों से निकलने वाली प्रतिमाओं के साथ व विसर्जन स्थलों के लिए भी सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किये गये है। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट को तहसील क्षेत्र का प्रभारी तथा सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी को सह पुलिस प्रभारी नामित किया गया है। तैनात किये गये सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों व पुलिस क्षेत्राधिकारियों से समन्वय रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करेगें। तैनात किये गये अधिकारी अपने जोन व सेक्टर में भ्रमणशील रहकर श्री मां दुर्गा पूजा (नवरात्रि) स्थापित प्रतिमाओं का विसर्जन शान्तिपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न करायेगें।

# चेन लूटकर भागे बदमाश

- बेटे का इलाज कराकर लौट रहा था, लाठी-डंडों से पीटकर 23 हजार रुपए लूटे

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी में दिनदहाड़े लूट की वारदात सामने आई, जहां बच्चे का इलाज कराकर घर जा रहे बाइक सवार युवक पर पहले तो तीन अज्ञात बदमाशों ने लाठी डंडों से हमला किया उसके बाद युवक की सोने की चेन और नगदी लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी युवक ने पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को मेडिकल के लिए भेज आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पूरा मामला अमेठी कोतवाली क्षेत्र के दुगार्पुर रोड स्थित तिवारीपुर गांव के पास का है। यहां टीकरमाफी बाजार का रहने वाला मोबाइल दुकान संचालक संदीप अग्रहरि अपने बेटे का इलाज करवाने अमेठी बाजार आया हुआ था। संदीप सुबह करीबी 11 बजे बाइक से घर जा रहा था तभी तिवारीपुर गांव के पास स्थित पेट्रोल पंप के नजदीक सामने से तीन बदमाशों ने संदीप की लाठी डंडों से पिटाई कर दी और जेब में रखा 22 से 23 हजार रुपए और सोने की चेन लूटकर फरार हो गए। घटना की जानकारी संदीप ने कोतवाली पुलिस को दी जिससे बाद मौके पर पहुंची पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। पुलिस युवक को मेडिकल के लिए अमेठी सीएससी भेज दिया है। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले युवक की दुकान पर किसी बात को लेकर गांव के आसपास के ही कुछ लोगों से विवाद हुआ था जिसमें मारपीट भी हुई थी। इसी मारपीट का बदला लेने के लिए अज्ञात युवकों ने आज संदीप की पिटाई कर दी। अमेठी एसएचओ बृजेश सिंह ने कहा कि युवक को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा गया है। लूट का मामला नहीं है मारपीट का मामला है।

# सुल्तानपुर में रामलीला मैदान में नाट्य मंचन

### माता सीता, श्री राम और लंकेश्वर की कहानी दिखाई, देर रात तक जुटी रही भीड़

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, देर शाम शहर के रामलीला मैदान में आयोजित ऐतिहासिक रामलीला में प्रभु श्रीराम की प्रेरक कथाओं का शानदार मंचन किया गया। नाट्य कर्मियों ने माता सीता और मंदोदरी के विवाह प्रसंग का अनूठा प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।


इस अवसर पर प्रभु श्री राम, माता जानकी और लंकेश्वर की नाट्य प्रस्तुति को देखने के लिए भारी संख्या में लोग उमड़े। इस मंचन का आनंद न सिर्फ बच्चे, बल्कि पुरुष और महिलाएं भी देर रात तक लेते रहे। विशेषकर, दर्शकों ने प्रभु श्रीराम और भ्राता लक्ष्मण की आरती उतारी, जो इस धार्मिक आयोजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था। हालांकि यह डिजिटल युग है, लेकिन रामलीला के प्रति लोगों का जोश कम नहीं हुआ है। हर साल की तरह इस साल भी 30 सितंबर से श्री श्री 108 बाबा सागर दास आदर्श रामलीला मंडल हनुमानगढ़ी अयोध्या के नाट्य कर्मियों द्वारा भगवान श्रीराम की कथा पर आधारित प्रेरक प्रसंगों का मंचन किया जा रहा है। रामलीला का यह आयोजन न केवल शहर के बल्कि आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोगों को खींच लाता है। रामलीला ट्रस्ट समिति के पदाधिकारियों ने भी प्रभु श्रीराम की आरती उतारी। मेला व्यवस्थापक हरिब्रत मिश्रा ने बताया कि आज के समय में मानव मूल्यों में गिरावट, टूटते परिवार और छिन्न-भिन्न होती सामाजिक व्यवस्था के चलते प्रभु श्रीराम, माता जानकी के त्याग और जीवन आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना जरूरी है।

इसलिए, सैकड़ों सालों से चल रहे इस 15 दिवसीय मंचन को देखने के लिए आज भी लोगों में खासा उत्साह दिखाई देता है। हर रात दूरदराज से लोग आते हैं और प्रेरक प्रसंगों का आनंद उठाते हैं।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान

- 11 खाद्य पदार्थों का सैंपल जांच के लिए भेजा, 30 किलो कुट्टू का आटा नष्ट कराया

अमन लेखनी समाचार



हापुड़, हापुड़ के गढ़ में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने हापुड़ छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने 30 किलोग्राम कुट्टू का आटा नष्ट करते हुए 11 नमूनों को जांच के लिए भेजा। विभाग के सहायक आयुक्त द्वितीय महेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले तीन दिनों में कुट्टू और सिंघाड़े का आटा खुले में बेचने पर सख्त कार्रवाई की गई है। शनिवार शाम बनखंडा में विनोद किराना स्टोर से मिश्री का एक नमूना लिया गया। इसके अलावा, पाटिया मंडी हापुड़ में लक्ष्मण किराना स्टोर से साबुत कुट्टू और सेंदा नमक का एक-एक नमूना लिया गया। हसनपुर रोड शेखपुर खिचरा में विनोद किराना स्टोर से सिंघाड़े के आटे का एक नमूना, बनखंडा में तुषार डेयरी से दही का एक नमूना, और रमेश किराना स्टोर से शमा के चावल का भी नमूना लिया गया। टीम ने गढ़ के जवाहर गंज मंडी में पवन किराना स्टोर से खुले कुट्टू के आटे का एक नमूना लिया और 30 किलोग्राम कुट्टू का आटा नष्ट कर दिया। इसके अलावा, गढमुक्तेश्वर में घंटाघर के पास राहुल किराना स्टोर से लाल मिर्च पाउडर और साबूदाना का एक-एक नमूना लिया गया। मीनाक्षी रोड हापुड़ के अनस किराना स्टोर से शमा के चावल का एक और कैलाश किराना स्टोर से कुट्टू की गिरी का एक नमूना भी संग्रहित किया गया।

# अवैध तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। क्षेत्र में फैली चोरी की अफवाह व त्योहारों को देखते हुए पुलिस क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु लगातार भ्रमण कर रही है भ्रमण के दौरान संदिग्ध युवक दिलाई दिया जिसके पास से एक अवैध तमंचा बरामद हुआ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया कोतवाली बीघापुर थाना क्षेत्र में कई चोरियां हो गई हैं वहीं चोरी की अफवाहे फैली हुई है जिसमें कुछ निर्दोष लोग भी मार पीटे जा रहे हैं त्योहारों को देखते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था रखने के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत है क्षेत्र में भ्रमण कर रही है भ्रमण के दौरान कैंची मोड़ के पास संदित्त युवक दिखाई दिया युवक को हिरासत में ले लिया तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी तमंचा व 315 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद किया पूछ ताछ में उसने अपना नाम पंकज शुक्ला पुत्र रमाशंकर शुक्ल उर्फ उमाशंकर आयु लगभग 34 वर्ष निवासी ग्राम चौरा दोस्ती नगर थाना कोतवाली सदर उन्नाव बताया पुलिस ने आयुध अधिनियम की धारा 3/ 25 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया।




# भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय पर दिया धरना

- मोहम्मद साहब पर टिप्पणी पर जताया विरोध, केस दर्ज को लेकर सौपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



हसनपुर, अमरोहा जनपद के हसनपुर में एसडीएम कार्यालय पर भीम आर्मी के कार्यकताओं ने धरना प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि पैगंबर मोहम्मद साहब की शान में गुस्ताखी करने वाले स्वामी नरसिंहानंद सरस्वती को गिरफ्तार कर तत्काल जेल भेजा जाए। बता दें कि शनिवार को भीम आर्मी कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पर पहुंचे तथा वहीं पर धरने पर बैठ गये। उन्होंने कहा कि नरसिंहानंद ने मोहम्मद साहब पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। इसे भीम आर्मी बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि स्वामी नरसिंहानंद समय-समय पर गलत भाषण देकर समाज को नरसिंहानंद द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी किये जाने से मुस्लिम समाज समेत अन्य समाजों में भी आक्रोश है। नरसिंहानंद के खिलाफ कड़ी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तुरंत गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाये। उसके बाद भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक सभागार पहुंचकर सीओ दीप कुमार पंत को राज्यपाल के नाम सम्बोधित ज्ञापन सौंप दिया। उन्होंने कहा कि नरसिंहानंद समाज को तोड़ने का काम कर रहे हैं। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष मोनू सागर, जोगिंदर सिंह जुगनू, राजू खेवान, अथर अहसान, हाफिज नूर, मोहम्मद, प्रशांत अंबेडकर, निरंजन सिंह, राजेंद्र सिंह, सतपाल सिंह आदि मौजूद थे।

# संक्षेप

## अनूपशहर के गांव अनिवास में बुखार का कहर

अमन लेखनी समाचार

अनूपशहर, बुलंदशहर के अनूपशहर में बुखार ने अपना प्रकोप दिखाया हुआ है। कोतवाली क्षेत्र के गांव अनिवास में बुखार के चलते 12 दिन में दो बच्चों की मौत हो गई। यहां अब कक्षा एक के छात्र अभी राघव की बुखार से मौत का मामला सामने आया है। अभी अनूपशहर के एक प्राइवेट स्कूल में कक्षा एक का छात्र था। परिजनों ने बताया कि उनका 8 वर्षीय बेटा अभी पिछले 7 दिनों से बीमार चल रहा था। जिसकी अलीगढ़ से मेरठ ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। वहीं, क्षेत्र में काफी लोग बुखार से पीड़ित चल रहे हैं जो झोलाछाप आदि से अपना इलाज करवा रहे हैं। छात्र के पिता भूपेंद्र राघव ने बताया कि पंद्रह दिन पहले उनके पुत्र को बुखार आया था। डॉक्टर ने भी बुखार बताया था। अनूपशहर प्राइवेट चिकित्सक के यहां दिखाया। ठीक ना होने पर बुलंदशहर दिखाया। यहां से ठीक होने के बाद वह वापस अपने गांव आ गया। तीन चार दिन पहले फिर बुखार आया। जिसके बाद बुलंदशहर प्राइवेट चिकित्सक के यहां दिखाया। फायदा ना होने पर अलीगढ़ ले गये। वहां से आज सुबह मेरठ के लिए रेफर कर दिया। अलीगढ़ से मेरठ ले जाने के दौरान छात्र अभी ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जिसके बाद परिजन अभी के शव को लेकर गांव पहुंचे हैं। परिजनो ने बताया कि दोपहर बाद गमगीन माहौल में छात्र का जल प्रभाव किया जाएगा। ग्रामीण अनुराग राघव, प्रवीण, मोहित आदि का आरोप है कि गांव में बढ़ते बुखार एवं दो बच्चों की मौत के बाद भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार लापरवाही बरती जा रही है। ग्रामीणों की मांग है कि गांव में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैंप लगाकर घर-घर जांच की जाए। एसडीएम अनूपशहर प्रियंका गोयल ने बताया कि संचारी रोगों के संबंध में तहसील परिसर में मीटिंग कर सभी सरकारी डॉक्टरों को लापरवाही न बरतने हेतु निर्देशित किया गया है।

## कोरट गांव में बीड़ी फेंकने से गुमटी जलकर राख

अमन लेखनी समाचार

घोरावल, सोनभद्र के घोरावल कोतवाली अंतर्गत कोरट गांव में सुबह किराना के गोमती में आग लगने से गोमती सहित गोमती में रखा सार सामान जलकर राख हो गया। मिली जानकारी के अनुसार कोरट गांव निवासी लालबहादुर अग्रहरि रोजाना की तरह शनिवार सुबह अपनी किराने की गुमटी खोल कर किसी बाइक चालक को गैलन में से निकाल कर पेट्रोल दे रहा था, तभी पास खड़े किसी ग्राहक ने बीड़ी पीकर बिना बुझाए भूल से गुमअी में फेंक दी। बीड़ी गोमती में रखे पेट्रोल गैलन के पास जा गिरी, जहां बीड़ी की आग से गुमटी में रखा पेट्रोल गैलन धू धू करके जलने लगा। ग्रामीणों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया, पर आग पर काबू नहीं पाया जा सका। आग से न सिर्फ गुमटी, बल्कि गुमटी में रखा किराने का सारा सामान जलकर राख हो गया। घबड़ाहट में पीड़ित फायर ब्रिगेड को सूचना तक नहीं दे सका।

# यति नरसिंहानंद के बयान पर मुस्लिम समुदाय में आक्रोश

**हजारों की भीड़ ने किया विरोध प्रदर्शन, एनएसए के तहत गिरफ्तारी कि मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन**

अमन लेखनी समाचार



देवरिया, गोरखपुर में पैगंबरे इस्लाम हजरत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) की शान में अपमानजनक बयान देने वाले यति नरसिंहानंद सरस्वती के खिलाफ में मुसलमानों में भारी आक्रोश फैल गया है। समाजवादी अल्पसंख्यक सभा, एआईएमआईएम कार्यकताओं और मुस्लिम धर्मगुरुओं ने सिविल लाइन स्थित एसएसपी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और उनकी जल्द गिरफ्तारी की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने एनएसए के तहत यति नरसिंहानंद पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन एसपी सिटी अभिनव त्यागी को सौंपा। एसपी सिटी ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रदर्शन के दौरान पैगंबरे इस्लाम ज़िंदाबाद और नरसिंहानंद मुदार्बाद के नारे गूंज उठे। प्रदर्शनकारियों ने केवल नरसिंहानंद ही नहीं, बल्कि नासिक के रामगिरी नामक व्यक्ति, जिसने भी पैगंबरे इस्लाम की शान में गुस्ताखी की थी, की भी जल्द गिरफ्तारी की मांग की। कारी शराफत हुसैन कादरी ने कहा कि पैगंबरे इस्लाम की तौहीन न केवल मुसलमानों बल्कि भारतीय संविधान के खिलाफ भी है, जो किसी भी धर्म के पेशवाओं या धार्मिक ग्रंथों की अपमान की अनुमति नहीं देता। उन्होंने यति नरसिंहानंद पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और दो समुदायों के बीच नफरत फैलाने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि यह घटना गंगा-जमुनी तहजीब पर हमला है और नरसिंहानंद की गिरफ्तारी तुरंत होनी चाहिए। एआईएमआईएम के महानगर अध्यक्ष मोहम्मद कैस अंसारी ने कहा कि इस्लाम धर्म की पवित्र हस्तियों और धार्मिक ग्रंथों की लगातार हो रही अपमानजनक घटनाओं को अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# देवरिया में डीएम-एसपी ने मूर्ति विसर्जन स्थल का लिया जायजा

- कहा - पुल से नहीं होगा प्रतिमा विसर्जन, किनारे व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी

अमन लेखनी समाचार



देवरिया, देवरिया में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल और पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने शाम को कपरवार और भागलपुर में घाघरा नदी के किनारे स्थित दुर्गा प्रतिमा विर्सजन स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने कहा कि किसी भी दशा में पुल से प्रतिमा का विसर्जन नहीं होने दिया जाएगा, बल्कि नीचे नदी के किनारे व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए डीएम ने एसडीएम को दुर्गा पूजा आयोजन समितियों, पीस कमेटी और ग्राम प्रधानों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि देवी प्रतिमा का विसर्जन पूर्ण मान-मयार्दा एवं गरिमापूर्ण ढंग से किया जाए। डीएम ने प्रतिमा विर्सजन स्थल तक सुगम मार्ग बनाने के लिए पीडब्लूडी के अवर अभियंता को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि प्रतिमा विसर्जन को पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए हर संभव उपाय किये जायेंगे। पुल के ऊपर से प्रतिमा विसर्जन होने में दुर्घटना की संभावना रहती है। प्रतिमा विसर्जन स्थलों पर पेयजल, प्रकाश, जनरेटर, साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। विसर्जन स्थल पर ट्रैफिक का रूट चार्ट पहले ही बना लिया जाए। गोताखोर, नाव और सर्चलाइट के इंतजाम भी विसर्जन से पूर्व कर लिया जाए।

# मेरठ में डकैती डालने वाले बदमाश से पुलिस की मुठभेड़

**रेशम कारोबारी के घर की थी 50 लाख की चोरी, ज्वेलरी और एक तमंचा बरामद**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ के लोहिया नगर स्थित किदवई नगर में रेशम कारोबारी के परिवार को बंधक बनाकर 50 लाख की डकैती डालने वाले फरार बदमाश से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। चेकिंग के दौरान पुलिस ने बदमाश को घेरने की कोशिश की, लेकिन उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने मौके से बदमाश के पास से लूटी गई ज्वेलरी और एक तमंचा बरामद किया है। घटना किदवई नगर के रहने वाले हाजी शादाब के परिवार के साथ हुई थी। जो रेशम के बड़े कारोबारी हैं। लगभग एक महीने पहले आधा दर्जन हथियारबंद बदमाशों ने उनके परिवार को गन पॉइंट पर बंधक बनाकर 50 लाख रुपए की नकदी और ज्वेलरी लूट ली थी। बदमाशों ने परिवार को करीब 3 घंटे तक घर में बंधक बनाए रखा, जिससे परिवार में आज भी डर का माहौल है। पुलिस पहले ही डकैती में शामिल एक बदमाश से मुठभेड़ कर चुकी है। जबकि तीन अन्य बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। सुबह पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि डकैती में शामिल बदमाश इकबाल उर्फ बिल्लू बाइक से गांव नरहेड़ा की ओर जा रहा है।

# महिला पुलिस कर्मियों ने सड़क पर उतरकर किया जागरूक

- सीतापुर में स्कूलों और गांवों में चौपाल लगाई, अपराधों की जानकारी दी

अमन लेखनी समाचार




सीतापुर, शारदीय नवरात्र के अवसर पर महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन के लिए मिशन शक्ति फेज-5 के तहत एक विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसे एएसपी प्रकाश कुमार ने पुलिस ऑफिस से महिला पुलिसकर्मियों की टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का मार्ग पुलिस ऑफिस से लालबाग चौराहा, थाना कोतवाली नगर, जीजीआईसी, तरणताल होते हुए महिला थाना तक था। एएसपी ने बताया कि इस रैली के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया है और महिला सुरक्षा के प्रति पुलिस की प्रतिबद्धता को दशार्या गया है।

इस रैली में महिला थाना प्रभारी इतुल चौधरी, मिशन शक्ति प्रभारी भावना भारद्वाज, परिवार परामर्श केंद्र की प्रभारी मधु यादव और अन्य महिला पुलिसकर्मी शामिल थीं। कार्यक्रम के दौरान प्रतिसार निरीक्षक शिवबालक वर्मा और प्रभारी निरीक्षक यातायात फरीद अहमद भी उपस्थित रहे। मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत जनपद के सभी थानों के महिला सुरक्षा दल और मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा विभिन्न स्थलों जैसे ग्राम, कस्बे, मोहल्ले, विद्यालय और कोचिंग संस्थानों में पुलिस की पाठशाला और चौपाल आयोजित किए जा रहे हैं।

# लाखों रुपए के जेवरात समेत 2 बदमाश गिरफ्तार

**सीतापुर में बर्तनों की फेरी लगाकर करते थे घरों और दुकानों की रेकी**

अमन लेखनी समाचार




सीतापुर, सीतापुर पुलिस ने एक शातिर चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी के साथ ही करीब दो लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और अन्य कीमती सामान भी बरामद किया गया है। पुलिस का दावा है कि इनकी गिरफ्तारी से जिले के अलग-अलग थानों में दर्ज पांच चोरी के मामलों का खुलासा हुआ है। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है। यह मामला थाना लहरपुर क्षेत्र का है, जहां लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोग परेशान थे। पुलिस ने इन चोरियों पर लगाम लगाने के लिए मुखबिरों की मदद ली और जांच में जुट गई। पुलिस टीम को बड़ी सफलता तब मिली जब उन्होंने थाना तम्बौर के समोदी डीह गांव के रियाज पुत्र जलील और हलीम पुत्र रसूल अहमद को पोंगलीपुर नहरपुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किए गए 27 चांदी के जेवरात और लाखों रुपये के सोने के जेवरात बरामद किए। पुलिस के अनुसार, ये दोनों आरोपी पेशेवर अपराधी हैं और पहले भी चोरी-नकबजनी जैसी घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। लहरपुर क्षेत्राधिकारी (सीओ) ने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने खुलासा किया कि वे दोनों दरियों की फेरी का काम करते थे।

# सोनभद्र में मिशन-शक्ति अभियान

- बालिकाओं- छात्राओं और महिलाओं को किया गया जागरूक, सुरक्षा और सशक्तिकरण के बारे में बताया

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र, सोनभद्र में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में मिशन-शक्ति अभियान के तहत महिलाओं, छात्राओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। एन्टीरोमियो टीम और शक्ति दीदी द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर गश्त कर सुरक्षा जागरूकता चौपालों का आयोजन किया गया।

जिले में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देश पर मिशन-शक्ति अभियान के तहत बालिकाओं, छात्राओं और महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस अभियान के दौरान पुलिस द्वारा पंपलेट वितरित कर आत्मरक्षा के उपायों और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। अभियान के तहत एन्टीरोमियो टीम और शक्ति दीदी ने जिले के विभिन्न थानों के अंतर्गत बस अड्डों, सार्वजनिक स्थानों, प्रमुख चौराहों, कस्बों, बाजारों, स्कूलों, कॉलेजों और शॉपिंग मॉल के आस-पास गश्त की। इसके साथ ही चौपालों का आयोजन कर महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा और सुरक्षा के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। महिलाओं को जागरूक करने के लिए उन्हें महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर जैसे वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 और साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी गई। इसके अलावा, थानों के सीयूजी नंबर और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया गया।

# दुकान मालिक को गन पॉइंट पर लेकर लूटा

**3 नकाबपोश बदमाश गल्ले में रखी नकदी लूटकर भागे, सीसीटीवी में घटना कैद हुई**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र स्थित इंद्रलोक कॉलोनी में देर रात बेखौफ तीन हथियारबंद बदमाशों ने किराना स्टोर मलिक को गनपॉइंट पर ले लिया। बदमाशों ने मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था, एक बदमाश काले कलर का बैग भी लिए हुए था। बदमाशों ने गल्ले में रखी 35 हजार रुपए की नकदी और मोबाइल लूट लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने किराना स्टोर मालिक के साथ मारपीट भी की। घटना के बाद बदमाश हवा में हथियार लहराते हुए फरार हो गए। किराना स्टोर मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पहले बदमाशों की तलाश की। फिर मामले को रफा करने में जुट गई। कार्रवाई न होने पर किराना स्टोर मालिक थाने पहुंच गया। अज्ञात बदमाशों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र की इंद्रलोक कॉलोनी हापुड रोड पर जीशान पुत्र हकीमुद्दीन का मकान है। इसी मकान के प्रथम स्थल पर जीशान ने मास्टर सुपर स्टोर के नाम से किराना स्टोर खोला हुआ है। शुक्रवार रात करीब 1:00 बजे जीशान अपने किराना स्टोर को बंद करने की तैयारी कर रहा था। तभी नकाबपोश 3 बदमाश हाथों में हथियार लेकर उसके किराना स्टोर में घुस गए। बदमाशों ने किराना स्टोर मालिक जीशान को गन पॉइंट पर ले लिया और दुकान के गले में रखी करीब 35 हजार रुपए की नकदी सहित उसका मोबाइल लूट लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने किराना स्टोर के मालिक की पिटाई भी की। इसके बाद हथियार लहराते हुए फरार हो गए। लूट की घटना किराना स्टोर पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। बदमाशों के जाने के बाद जीशान ने घटना की जानकारी अपने परिवार वालों को दी।

जानकारी मिलते ही उसके परिवार वाले मौके पर पहुंच गए। परिवार के लोगों ने घटना की सूचना डायल 112 की पुलिस को दी। सूचना मिलने पर डायल 112 और नौचंदी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। दुकान मालिक का कहना है कि एक बदमाश के पास काले कलर का बैग था। वह दुकान से पैदल ही भागे।

उसने आशंका जताई कि बदमाशों ने दुकान से कुछ दूरी पर शायद वाहन खड़ा कर दिया होगा, वह उसी वाहन से भागने में सफल रहे। बदमाश बाइक से आए थे या अन्य वाहन से, यह दुकानदार नहीं बता पाया।

# बिल्डर के घर 50 लाख की चोरी

- आरोपी अरेस्ट, टाइमर लगाकर की थी वारदात, पुताई करने वाले ने रची थी साजिश

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ के सदर थाना क्षेत्र के वेस्ट एंड रोड पर बंगला नंबर 210 बी में बिल्डर राजीव सिंहल की कोठी में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। सदर बाजार पुलिस ने एसओजी के साथ सबील निवासी लिसाड़ी गेट को गिरफ्तार किया है। वारदात की साजिश कोठी में पुताई व पीओपी का काम कर चुके सुमित ने रची थी। सबील ने कोठी में घुसकर वारदात को अंजाम दिया था। उसके साथी सोहेल ने रेकी की और शुएब बाइक पर सबील को लेकर मौके पहुंचा और फरार हो गया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने करीब पचास लाख रुपये के आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस इस मामले में अन्य तीन आरोपी पेंटर सुमित, शुएब और सोहेल को तलाश रही है। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि बिल्डर राजीव सिंघल पत्नी डिंपल, बेटा समर्थ और मलियाना निवासी चालक सोनू के साथ वृंदावन दर्शन करने गए थे। घर पर बेटे पार्थ सिंहल और 6 साल का छोटा बेटा सार्थक था। शाम करीब चार बजे पार्थ अपने छोटे भाई को ट्यूशन छोड़कर साइट देखने चला गया था। इस बीच घर पर काम करने वाली घरेलू सहायिका आई और उसने कोठी में देखा कि सामान बिखरा हुआ था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। सीसीटीवी में दो बदमाश आते और घर में घुसकर बाहर जाते दिखे थे। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने बदमाशों की पहचान सबील निवासी 100 फुटा रोड मदीना कालोनी लिसाड़ी गेट, शुएब उर्फ सुहैल निवासी 125 मदीना कालोनी के रूप में हुई थी। पुलिस ने दोनों के घर पर दबिश दी। बृहस्पतिवार को पुलिस ने रेलवे क्रासिंग से सौ मीटर रोहा रोड से सबील को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर चोरी किए आभूषण बरामद किए। आरोपियों ने घरेलू सहायिका के आने से पहले वारदात करने के लिए टाइमर लगाकर 34 मिनट में वारदात की थी। एसपी सिटी ने बताया कि सबील से पूछताछ में सामने आया कि उसकी दोस्ती ट्यूबवेल तिराहा ब्रह्मपुरी निवासी सोहेल से थी।

# देर रात सड़क पर उतरे डीएम, कप्तान

**संवेदनशील इलाकों में किया गश्त, पैदल मार्च**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ में देर रात डीएम दीपक मीणा और एसएसपी डॉ. विपिन ताडा सड़कों पर उतरे। पुलिस अफसरों की पूरी फौज के साथ दोनों अधिकारियों में शहर में जगह-जगह पैदल मार्च किया। स्पेशली मुस्लिम और संवेदनशील इलाकों में डीएम, एसएसपी गए। लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र, कोतवाली, बेगमपुल सहित अन्य जगहों पर अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था देखी। दरअसल जुम्मा भी था। साथ ही गाजियाबाद में महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद ने हजरत पैगंबर मोहम्मद साहब के लिए मंच से विवादित बयान दिया है। यति के विवादित बयान के बाद से जगह-जगह माहौल गर्म हैं। इसके चलते शुक्रवार देर रात अलर्ट जारी किया गया। शांति व्यवस्था बनी रहे इसका जायजा लेने अफसरों ने पैदल मार्च किया। फोर्स, पुलिस पेट्रोलिंग को चैक किया। पश्चिमी यूपी के तमाम जिलों में यति के विवादित बयान के विरोध में प्रदर्शन हुए। मेरठ में भी दिन में एआइएमआइएम के कार्यकताओं ने एसएसपी दफ्तर का घेराव किया। एसएसपी को यति पर मेरठ में मुकदमा लिखने के लिए ज्ञापन दिया।

# एटीएस और दिल्ली पुलिस की छापेमारी

- अलसुबह पहुंची टीम एक युवक को उठाया, सोशल साइट के जरिए आतंकी संगठन से कनेक्शन का शक

अमन लेखनी समाचार




मेरठ, मेरठ के सरधना के कस्बा खिवाई में तड़के एटीएस, इंटेलिजेंस ब्यूरो व एनआईए और दिल्ली पुलिस ने छापेमारी की है। टीम ने यहां से गांव के एक 22 साल के युवक महकार पुत्र जमशेद को उठाया है। आशंका है कि इस युवक का पाकिस्तानी और किसी आतंकी संगठन से कनेक्शन हैं। टीम फिलहाल पूरी जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि सोशल साईट पर पाकिस्तान में बात करने का मामला सामने आ रहा है। मेरठ के थाना सरूरपुर क्षेत्र के कस्बा खिवाई में सुबह लगभग 3 बजे दिल्ली पुलिस और एटीएस टीम ने छापेमारी की है। लगभग पांच घंटे तक टीमें इलाके में रही और छापेमारी की है। पुलिस के अनुसार खिवाई के कुछ युवक सोशल साइट के माध्यम से पाकिस्तान बात करने का मामला सामने आया है। पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादी संगठन के सक्रिय होने की आशंका पर कस्बा खिवाई में देर रात एटीएस और दिल्ली पुलिस टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान टीम महकार को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई। अन्य दो युवकों से घण्टो पूछताछ की बाद में उन्हें छोड़ गई। इस दौरान टीम ने स्थानीय पुलिस को मामले से दूर रखा। युवक के पाकिस्तान में बड़े आतंकवादी संगठन से जुड़ा होने की संभावना जताई जा रही है।

एटीएस, एनआईए सहित अन्य एजेसियों को महकार के सोशल मीडिया के जरिए आतंकी कनेक्शन का इनपुट मिला है। टीम ने कस्बे के वार्ड नंबर 10 में स्थित तैहमूर के मकान पर छापा मारा जहां टीम ने पहले से हिरासत में लिए एक युवक के साथ में दो अन्य युवकों से पूछताछ की। लगभग 5 घंटे तक चली लंबी पूछताछ के बाद टीम ने कुछ तथ्य जुटाए। हैं।

## संक्षेप

### साधु वेशधारी ठग ने दुकानदार से ठगे हजारों रुपए

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे के एक दुकानदार को सम्मोहन विद्या से प्रभावित करने वाले साधु वेशधारी ठग को लोगों ने दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने दुकानदार के रुपए वापस कराकर साधु को थाने से भगा दिया। सोमवार को दोपहर एक भगवाधारी साधु ने सम्मोहन विद्या से कस्बे के दुकानदार को प्रभावित करके हजारों रुपए ठग लिए और मौके से चला गया। साधु वेशधारी ठग के जाने के बाद दुकानदार को ठगे जाने का एहसास हुआ तो उसने शोर मचाया। शोर सुनकर एकत्र हुए दुकानदारों ने बाजार की तरफ जा रहे साधु वेशधारी ठग को दबोच लिया और थाने ले जाकर पुलिस के सुपुर्द किया। बाद में पुलिस ने दुकानदार के रुपए वापस कराकर साधु वेशधारी ठग को हिदायत देकर थाने से भगा दिया। यह प्रकरण बाजार में चर्चा का विषय बना रहा।

### अज्ञात कारणों से एक युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। अज्ञात कारणों से एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर जीवन लीला समाप्त करने की कोशिश की। परिजनों ने आनन-फानन उसे प्राथमिक इलाज हेतु कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मौदहा कस्बा निवासी रीत बाबू 30 वर्ष वर्ष ने अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने हालत बिगड़ने पर उसे कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### गाजे बाजे से घर लाए पुत्री का नाम रखा महिमा

**स्वास्थ्य केंद्र में जन्मी चार पुत्रियां**

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नवरात्र पर्व के दौरान चार कन्याओं ने जन्म लिया। इनके घरों में जश्न का माहौल है। लोग इनको देवी का आशीर्वाद मान रहे हैं। कस्बे के व्यापार मंडल अध्यक्ष को भी पुत्री रत्न की प्राप्ति हुई। यह पुत्री को अस्पताल से गाजे बाजे के साथ लेकर घर आए हैं और उसका नाम महिमा रखा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार लक्ष्मी पत्नी महेश गुप्ता दीपू सुमेरपुर, सजनी पत्नी अभय कुमार देवगांव, अर्चना पत्नी अमित नामदेव टेढ़ा, सविता पत्नी चंद्रराज सुमेरपुर को नवरात्र में पुत्री की प्राप्ति हुई है। सभी लोग इसको देवी मां का प्रसाद बताकर खुशी जता रहे हैं। व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू को दो पुत्रों के बाद पुत्री की प्राप्ति हुई है। इनके पूरे परिवार में जश्न का माहौल है। यह अस्पताल से जच्चा बच्चा को गाजे बाजे के साथ घर तक लेकर आए और उसकी आरती उतारकर घर में प्रवेश कराया। इन्होंने पुत्री का नाम महिमा रखा है। पुत्री के जन्म से पूरा परिवार आनंदित है।

### तालाब में डूबकर बालक की मौत

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। क्षेत्र के एक गांव में एक तालाब में डूबकर बालक की मौत हो गई। पानी में डूबने पर परिजन उसे तालाब से निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौदहा लेकर गए थे। जहां चिकित्सकों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजन दहाड़ मारने लगे और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार मौदहा कोतवाली क्षेत्र के घटकना गांव निवासी बालक अधिराज सिंह 4 वर्ष पुत्र अजीत सिंह बच्चों के साथ खेलते खेलते तालाब में चप्पल चले जाने पर सीढियों से उतरकर चप्पल निकालते समय फिसलकर पानी में समा गया। हम उम्र के साथियों ने परिजनों को सूचना दी तो परिजन अधिराज सिंह को पानी से निकालकर कस्बे की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजन रोने बिलखने लगे। गांव में शोक लहर दौड़ गई। ग्राम प्रधान प्रभात यादव ने बताया कि अजीत के दो लड़के हैं जिसमें छोटे लड़के की तालाब में डूब कर मौत हो गई। जिसका परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी रामआसरे सरोज ने किसी तरह की जानकारी होने से इनकार किया है।

# मां दुर्गा पूजा कमेटी के तत्वाधान में आयोजित हुए अनेकों शिविर

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। अमौली कस्बा मुख्यालय अंतर्गत गायत्री मंदिर के विशाल प्रांगण में मां दुर्गा पूजा कमेटी के तत्वाधान में सजाए गए मां भगवती के दिव्य दरबार में नवरात्रि महापर्व के पांचवें दिवस लोगों को सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य कृषि पेंशन समेत विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए विशाल शिविर का आयोजन किया गया कमेटी के द्वारा विशाल शिविर के आयोजन की जानकारी के लिए पूर्व में कस्बा समेत ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार प्रसार भी किया गया जिस पर कस्बा समेत ग्रामीण क्षेत्र से आये लगभग 550 लोगों का पंजीकरण किया गया इस दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉ पुष्कर कटियार के नेतृत्व में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में डॉ शिखा श्रीवास्तव डॉ तृप्ति डॉ अर्चना सिंह शीलम उमराव डा अनिल शुक्ला अभय प्रताप सिंह लैब टेक्नीशियन बिकास समेत स्वास्थ्य टीम ने पांच सैकड़ा से अधिक जरूरतमंद लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाई वितरित की 18 लोगों की विभिन्न जांचे की गई 53 लोगों को आयुष्मान कार्ड के लिए चिन्हित किया गया 24 लोगों को आयुष्मान कार्ड मौके पर बना कर दिए गए कृषि अधिकारी विनय शर्मा के नेतृत्व में लगाए गए शिविर में आधा सैकड़ा से अधिक कृषकों को उन्नत किस्म का सरसों का बीज वितरित किया गया जिला उद्यान विभाग के प्रभारी शब्बीर हसन के नेतृत्व में कैंप लगाकर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई कैंप के दौरान पहुंचे क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने मां भगवती के दरबार में पूजा अर्चना करने के पश्चात कृषकों को बीज वितरित कर उपस्थित जनसमुदाय को स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि कमेटी की मांग पर इसी परिसर में 11 अक्टूबर को जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा बृहद कैंप का आयोजन कर जरूरतमंदों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा कमेटी के संरक्षक अवधेश तिवारी मुकेश ओमर अखिलेश ओमर अरुण मिश्रा आर्य कुमार पांडे कुलदीप तिवारी रजत प्रताप सिंह रवि ओमर आशीष बर्मा सतीश वर्मा मंत्री उमेश त्रिवेदी शुभा मिश्रा समेत सभी पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय विधायक समेत सभी अतिथियों तथा को सम्मानित किया कमेटी के द्वारा उपस्थित जन समुदाय को महादेवी के प्रसाद के रूप में शीतल शरबत एवं फलों का वितरण का वितरण कर स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दी गई इस मौके पर खंड विकास अधिकारी सुरेश शिवहरे साहब सिंह गौतम डॉ राम भक्त वर्मा संतोष गुप्ता आशीष वर्मा सुरेश सिंह सोनू भारती समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## वन्य प्राणी सप्ताह के अंतर्गत श्रीराम इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों को किया जागरूक



अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

गरौठा, झांसी। सोमवार को बामौर रेंज के अन्तर्गत श्रीराम इंटरनेशनल स्कूल गरौठा में वन्य प्राणी सप्ताह मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय में वन्य जीवों के संरक्षण के सम्बन्ध में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तत्पश्चात चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को बामौर रेंज की तरफ से शील्ड देकर पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान ज्ञान सिंह यादव, डिप्टी रेंजर द्वारा वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति विद्यालय के छात्र/ छात्राओं को जागरूक किया गया। इस मौके पर स्कूल के प्रबन्धक अरविन्द्र कुमार शर्मा सहित स्कूल का समस्त स्टाफ व बामौर रेंज गरौठा का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## लोकलाज के भय से नवजात को नहर किनारे फेंका

**सूचना पाकर पहुंची पुलिस में अस्पताल में किया भर्ती**

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। बीती रात एक कलयुगी मां लोकलाज के भय से नवजात पुत्री को नहर किनारे पटरी में फेंककर फरार हो गई। तड़के टहलने वाले लोगों ने नवजात को रोता देखकर पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। पूरा मामला राठ कस्बे का है। कन्या को देवी का रूप माना गया है। इसका उल्लेख पुराणों में भी किया गया है। नवरात्र पर्व के दौरान एक कलयुगी मां ने लोकलाज के भय से कन्या को जन्म देने के बाद राठ कस्बे के बाहर से गुजरी नहर की पटरी पर फेंक दिया और फरार हो गई। सुबह टहलने गए लोगों ने नवजात को रोता देखकर पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। साथ ही पुलिस नवजात को फेंकने वालों की सुरागकशी भी कर रही है। राठ क्षेत्र में एक पखवाड़े के बाद यह नवजात को फेंकने की दूसरी घटना प्रकाश में आई है। उपचार के बाद नवजात की हालत में सुधार बताया जा रहा है।

## फुटकर गल्ला व्यापारियों ने विभिन्न मांगो को लेकर उप जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

गरौठा, झाँसी। सोमवार को गुरसराय नगर के फुटकर गल्ला व्यापारियों द्वारा उपजिलाधिकारी गरौठा अवनीश कुमार तिवारी को एक ज्ञापन सोपा जिसमें उन्होंने कहा कि दिनांक 4 अक्टूबर 2024 को थोक व्यापारियों द्वारा फुटकर गल्ला व्यापारियों के खिलाफ जो आरोप लगाए गए थे वह पूर्णताः निराधार हैं। फुटकर गल्ला व्यापारियों द्वारा ज्ञापन में कहा गया है कि नवीन गल्ला मंडी गुरसराय में मंडी परिसर की तरफ से कोई भी सरकारी व्यक्ति डाक बोलने के लिए नहीं आता है। जबकि थोक व्यापारियों के द्वारा बिचौलियों से डाक बुलवाई जाती है जिसमें वह अपने मनमाने तरीके से किसानों का माल खरीदते हैं। जिसके चलते किसानों को उनके माल का अच्छा दम नहीं मिल पाता है। एवं मंडी परिसर के अंदर अगर किसान आड़त पर माल बेचने के लिए आता है तो उसे एक प्रतिशत का भुगतान मुदित के रूप में नगद भुगतान के लिए काटा जाता है। जबकि अगर किसान फुटकर गल्ला व्यापारियों को अपना माल देता है तो किसान के माल का सही रेट लगाया जाता है एवं किसी भी प्रकार की फुटकर गल्ला व्यापारियों द्वारा मुदित नहीं काटी जाती है। वही फुटकर गल्ला व्यापारियों का कहना है कि हम फुटकर गल्ला व्यापारी मंडी परिसर के अंदर आकर भी खरीद कर सकते हैं। लेकिन उनके लिए मंडी परिसर की तरफ से कोई भी सरकारी दुकान आवंटित नहीं है एवं जल्द से जल्द फुटकर गल्ला व्यापारियों के लिए मंडी परिसर कर के अंदर सरकारी दुकान आवंटित की जाए वही फुटकर गल्ला व्यापारियों का आरोप है कि मंडी परिसर के अंदर अगर किसान अपना माल लेकर आ गया तो उससे विगत करीब 40 से 50 वर्षों से 50 पैसे प्रति बोरा अलग से काटा जाता है जो पूर्णता अवैध है। वही आज फुटकर गल्ला व्यापारियों द्वारा ज्ञापन देकर उप जिलाधिकारी से मंडी परिसर के अंदर दुकान आवंटित करने एवं मुददित बंद करने जैसे अन्य मुद्दों को लेकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने में पप्पू नायक, अनिल गुप्ता, महेंद्र सिंह मौसिया, चौहान महाराज, अनिल रामकुमार, प्रमोद गुप्ता, रोहित अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, बबलू पसौरा, सोनू अग्रवाल सहित दर्जनों की संख्या में फुटकर व्यापारी मौके पर उपस्थित रहे।

### बालविवाह रोक हेतु आयोजित हुआ कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

अमौली, जनपद। फतेहपुर में नवरात्रि में माता रानी ने कृपा दृष्टि करते हुए बाल विवाह रोकने पर बल दिया। बच्चों को बाल विवाह रोकने के सम्बंध में प्रतिमा उमराव मीना मंच सन्दर्भदता अमौली द्वारा बच्चों को विस्तृत जानकारी दी गई एवं बच्चों द्वारा बाल विवाह पर कविता प्रस्तुत कर ₹बाल विवाह एक अपराध है₹ पर अपने मन के भावों को व्यक्त किया। सन्दर्भ दाता प्रतिमा उमराव ने स्वरचित कविता के माध्यम से समाज को जागरूक किया और बाल विवाह रोकने पर बल दिया। पढ़ने का मेरा भी अधिकार है अभियान को गति प्रदान करने एवं बाल विवाह बन्द करने हेतु प्रधानाध्यापिका रामरती देवी, सुप्रिया, सुमन, ममता , गौरव कुमार समस्त विद्यालय परिवार एवं बच्चों की उपस्थिति सराहनीय रही।

## मां भगवती के दरबार में जागरण पार्टी ने मचाया धमाल

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। महाकाली रौद्र रूप धारण कर भयंकर युद्ध के दौरान राक्षसों का सर्वनाश किया। भगवान श्री राम के दरबार में महाबली हनुमान के विभिन्न स्वरूपों एवं महादेवी के विभिन्न स्वरूपों की झांकियां देख श्रोता हुआ मंत्र मुक्त। मां जगत जननी के दिव्य दरबार में रात जागरण का भक्तों ने लिया आनंद अमौली फतेहपुर कस्बा मुख्यालय अंतर्गत बड़े तालाब के समीप भक्तों ने अखिलेश पांडे के नेतृत्व में मां जगत जननी के सजाए गए दिव्य दरबार में रात्रि कालीन बेला पर विशाल जागरण का आयोजन किया गया इस दौरान कानपुर महानगर के रोहित म्यूजिकल ग्रुप के तत्वाधान में उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध पात्रों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया म्यूजिकल ग्रुप की सुप्रसिद्ध गायिका पूनम एवं रेनू आजाद समेत कई गीतकारों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित जन समुदाय को मंत्र मुक्त कर दिया। जागरण के दौरान भगवान श्री राम जी के दरबार मैं महाबली हनुमान के विभिन्न स्वरूपों एवं जगत जननी जगदंबा के विभिन्न स्वरूपों समेत भगवान शंकर भगवान गणेश समेत विभिन्न देवी देवताओं की अद्भुत झांकियां निकाली गई इस दौरान महाकाली ने विभिन्न रौद्र रूपी स्वरूपों को धारण कर तांडव करते हुए भीषण युद्ध के दौरान आततायी राक्षसों का सर्वनाश कर दिया महाकाली के द्वारा राक्षसों के नरसंहार का सजीव चित्रण देख उपस्थित जन समुदाय के जयकारों से समूचा वातावरण गुंजायमान रहा रात्रि जागरण के समाप्ति की बेला पर मां भगवती की महा आरती के पश्चात उपस्थित भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया इस दौरान कई सैकड़ो महिलाओं के साथ भक्तों की भारी भीड़ ने मां भगवती की पूजा अर्चना कर जयकारे लगाए

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला आयुष समिति की बैठक सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार/ उमेश दीक्षित

हमीरपुर। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जिला मुख्यालय पर 15 बेड के आयुष चिकित्सालय के निर्माण के लिए भूमि का चिन्हांकन कर लिया जाए। जिलाधिकारी ने जनपद में आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालियों के माध्यम से लाभान्वित होने वाले रोगियों एवं चिकित्सकों के बारे में जानकारी लेकर जरूरी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा पद्धति के बारे में व्यापक प्रचार प्रचार के लिए प्रत्येक 15 दिन में ब्लॉक स्तर पर चिकित्सा कैंप लगाए जाएं। इन कैंपों में आयुष्मान कार्ड बनाने, आंखों की जांच एवं इलाज की व्यवस्था रखने एवं अन्य विभागों में संचालित विभिन्न योजनाओं कार्यक्रमों को भी शामिल कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल की आईसीयू यूनिट शीघ्र संचालित किया जाए। जिला आयुष समिति के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा जनपद में जो आयुष मिशन के कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उनका व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराया जाए ताकि जनपद के अधिक से अधिक लोग आयुष मिशन के कार्यक्रमों का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि जनपद में संचालित योग वैलनेस सेंटर का मानकों अनुरूप संचालन करते हुए अधिक से अधिक लोगों को योग के लिए प्रेरित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला, पीडी साधना दीक्षित, एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक, जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी एवं अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## तालाब के पानी में फंसी गाय को कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने निकाला बाहर

**तालाब में जलकुंभी हो जाने से ग्रामीण परेशान**

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव



गरौठा, झांसी। तालाब के पानी में बड़ी मात्रा में जलकुंभी नामक पौधा हो जाने से आए दिन जानवर तालाब में गिरकर फंस जाते है जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।मामला गरौठा तहसील के ब्लॉक बामौर अंतर्गत ग्राम कचीर का है जहां रविवार की रात्रि अचानक एक गाय बड़े तालाब में जाकर गिर गई और गहरे पानी में जाकर फंस गई,जिसे ग्रामीणों द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद रस्सी के सहारे से बाहर निकाला जा सका।बता दें की कचीर गांव में बना बड़ा तालाब जिम्मेदार लोगों की लापरवाही के चलते धीरे धीरे अपना अस्तित्व खोता जा रहा है।पूरे तालाब में जलकुंभी का पौधा हो जाने से तालाब का पानी दिखाई तक नही देता है।जलकुंभी होने से तालाब में कई जहरीले सर्प और जीव जंतु भी जन्म ले चुके हैं जिससे कभी भी अप्रिय घटना घटित होने की स्थिति बनी रहती है। रविवार की रात्रि एक गाय तालाब में गिर गई,जिसे रस्सी के सहारे कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने तालाब से बाहर निकाला। ग्रामीणों का कहना है की यदि शीघ्र ही तालाब से जलकुंभी पौधे की सफाई न करवाई गई तो आने वाले समय में जानवरों को पीने के पानी की बिकराल समस्या झेलनी पड़ेगी,जिससे कई जानवरों की जान तक जा सकती है। साथ ही कभी भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है।ग्रामीणों ने प्रशासन से उक्त तालाब की सफाई करवाकर उसका गहरीकरण एवं सौंदर्यकरण करवाए जाने की।मांग की है।

## पुलिस ने नहीं की कार्रवाई, पीड़ित दर दर भटकने को मजबूर, दबंगों के आगे नतमस्तक अतरौली पुलिस

अमन लेखनी समाचार



हरदोई। अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार लगातार प्रयासरत है।वहीं प्रत्येक जनपद के कप्तान भी अपराध पर पूर्णविराम लगाने के लिए हर संभव वैधानिक प्रयास कर रहे हैं।जहाँ पुलिस विभाग के आलाधिकारी आम जनता व फरियादियों के लिए बहुत ही सरल व सुलझा हुआ रवैया अपनाते हैं।वहीं स्थानीय स्तर पर कुछ जिम्मेदार आलाधिकारियों कि छवि खराब कर रहे हैं।ताजा मामला हरदोई जनपद के अतरौली थाना क्षेत्र का है जहाँ।अतरौली थाना क्षेत्र के चंदीपुर निवासी किसान रामकेशन पुत्र कैलाश ने थाने पर दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि बीते 29 सितंबर को गांव के ही रहने वाले दबंग रामशंकर ऊर्फ पुल्लू पुत्र बाबू तथा पूल्लू की पत्नी व गोलू पुत्र रामशंकर निवासी चंदीपुर लाठी डंडे से लैस होकर रामकेशन के दरवाजे पर आ गए और जान से मारने की नियत से अचानक गालीगलौज करने लगे। गनीमत यह रही कि प्रार्थी ने किसी तरह अपने घर में घुसकर अपनी जान बचाई।वहीं उक्त दबंग लाठी डंडे से पीडित का दरवाजा पीटते रहे परन्तु पीडित ने दरवाजा नहीं खोला।मौका पाकर पीडित रामकेशन ने अतरौली थाने में आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी।परन्तु स्थानीय अतरौली पुलिस ने महज खानापूर्ति कर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया। वहीं पीडित ने आलाधिकारियों से गुहार लगाई कि अतरौली पुलिसकर्मियों ने उल्टा पीडित को ही धमकाया।इससे आहत पीडित ने न्याय के लिए हरदोई पुलिस के जिम्मेदार आलाधिकारियों से गुहार लगाई है।वहीं दबंग रामशंकर उर्फ पुल्लू के दबंगई के चलते पीडित व उसका परिवार सहमा हुआ है।

## कार्यदायी संस्था ने शुरू कराया उखाड़ी गयी सड़क का निर्माण

अमन लेखनी समाचार



भरुआ, सुमेरपुर। करीब डेढ माह पूर्व सुमेरपुर एवं देवगांव के मध्य सीसी मार्ग खराब होने के बाद मरम्मत के लिए उखाड़कर छोड़ देने की खबर प्रकाशित होने के बाद कार्यदायी संस्था ने सोमवार से कार्य प्रारंभ कराया है। इससे राहगीरों ने राहत की सांस ली है।

पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के पैतृक गांव तक 2 वर्ष पूर्व पीडब्ल्यूडी ने सीसी मार्ग का निर्माण करोड़ों रुपए की लागत से शुरू कराया था। यह मार्ग पिछले वर्ष ही बनकर तैयार हुआ था। इसी बीच घटिया निर्माण के चलती यह सुमेरपुर देवगांव के मध्य जगह-जगह खराब होकर बड़ी-बड़ी दरारों में तब्दील हो गया था। घटिया निर्माण की खबर प्रकाशित होने पर पीडब्ल्यूडी की फटकार के बाद कार्यदायी संस्था ने 10 अगस्त से क्षतिग्रस्त हिस्से को तोड़ना शुरू किया था और उसको बगैर कार्य कराये ही छोड़ दिया था। इससे आए दिन राहगीर परेशान हो रहे थे। साथ ही साथ चुटहिल होकर घायल हो रहे थे। इस खबर को जब प्रकाशित किया गया तब सोमवार से कार्यदायी संस्था ने कार्य शुरू कराया है। कार्य के शुरू होने से राहगीरों ने राहत की सांस ली है। पत्योरा के अरविंद निषाद, देवगांव के जितेंद्र खरे आदि ने कहा कि निर्माण कार्य पूर्ण होने से राहगीरों को सहूलियत होगी।

## सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत चालकों को किया जागरूक



अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत कस्बे के बस स्टॉप एवं रानी लक्ष्मीबाई तिराहा में आरटीओ ने वाहन चालकों के साथ राहगीरों को जागरूक किया।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत सोमवार को एआरटीओ अमिताभ राय के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाकर बस स्टॉप, रानी लक्ष्मीबाई तिराहा में ऑटो चालकों, ई रिक्शा चालकों, बाइक चालकों को यातायात नियमों से अवगत कराकर राहगीरों को भी जागरूक किया गया। एआरटीओ ने चालकों को संकेतकों के साथ हाईवे सहित स्टेट हाईवे आदि मार्ग में चलने के नियमों से अवगत कराया। इस मौके पर आरपी सिंह, पीटीओ चंदन शुक्ला, यातायात प्रभारी हरविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

## प्रोजेक्ट अलंकार के संबंध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक



अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि प्रोजेक्ट अलंकार के तहत सभी कार्य नियमानुसार ही किया जाएं। प्रोजेक्ट अलंकार के तहत विद्यालयों का चयन शासनादेश में दी गई व्यवस्था एवं मानक के अनुसार ही किया जाए। इसमें विद्यालयों की पात्रता का भलीभांति परीक्षण कर लिया जाए तथा संबंधित विद्यालयों के जरूरी अभिलेखों की भी जांच कर ली जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाए। कहा कि प्रोजेक्ट अलंकार के तहत संबंधित विद्यालयों का संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निरीक्षण अवश्य किया जाए। इस मौके पर सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, एडीएम वित्त एवं राजस्व, जिला विद्यालय निरीक्षक तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# ओटीटी पर भी होगा अक्षय और जॉन का क्लैश..

**मुंबई।** बॉक्स ऑफिस पर फिल्मों के बीच क्लैश के किस्से तो खूब सुने होंगे। लेकिन अब ओटीटी पर भी मूवीज के बीच भिड़ंत देखने को मिलती है। इस कड़ी में नया नाम सुपरस्टार जॉन अब्राहम की फिल्म वेदा का शामिल हो रहा है, जो अक्षय कुमार की इस फिल्म के साथ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। खास बात ये है कि वेदा एक अलग ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। ऐसे में आइए जानते हैं कि वेदा ओटीटी पर कब और कहां ऑनलाइन स्ट्रीम होने वाली है। बीते 15 अगस्त सिनेमाघरों में तीन फिल्में रिलीज हुईं थीं, जिनमें स्त्री 2, खेल खेल में और वेदा शामिल थीं। बेशक बॉक्स ऑफिस पर वेदा कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।

लाइफ Style



# कैटरीना

## हाथ में दिखा काला पैच

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कैटरीना कैफ बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में से हैं। अभिनेत्री पिछले कुछ महीनों से लाइमलाइट से दूरी बनाए हुए हैं, लेकिन इसके बाद भी फैंस की नजरें अक्सर उन्हें ढूंढती रहती हैं। हाल ही में कैटरीना कैफ को मुंबई के कलीना एयरपोर्ट पर देखा गया, जहां हमेशा की तरह अभिनेत्री खूबसूरत लुक में दिखाई दीं।

कैटरीना अन्य बॉलीवुड स्टार्स के साथ एक नवरात्रि इवेंट में शामिल होने के लिए केरल के लिए रवाना हुईं, इस दौरान उन्होंने डिजाइनर तरुण तहिलियानी की खूबसूरत नारंगी साड़ी पहनी थी, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही थीं। कैटरीना अपने जबरदस्त लुक्स के लिए वैसे ही सुर्खियों में रहती हैं, लेकिन इस बार उनके चर्चा में होने की अलग वजह है। दरअसल, सोशल मीडिया पर कलीना एयरपोर्ट के बाहर नजर आईं कैटरीना का एक वीडियो सुर्खियों में है, जिसमें उन्हें एयरपोर्ट के एंट्री गेट पर देखा जा सकता है। यूजर्स ने इस वीडियो में अभिनेत्री की बांह में कुछ अजीब स्पॉट किया, जिसे लेकर अब चर्चा हो रही है। दरअसल, अभिनेत्री के हाथ में एक ब्लैक पैच लगा था, जिसे लेकर लोग तरह-तरह के अंदेशे लगा रहे हैं। कई तो एक्ट्रेस की हेल्थ को लेकर भी चिंता जाहिर कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर कैटरीना कैफ का वीडियो वायरल हो रहा है, जहां कुछ लोग अभिनेत्री की तारीफ कर रहे हैं, तो वहीं बहुत से लोग वीडियो में विक्की कौशल को टैग करते हुए उनसे पूछ रहे हैं कि आखिर कैटरीना को क्या हुआ है? दरअसल, एक्ट्रेस के हाथ में लगे ब्लैक पैच को कई लोग डायबिटीज को ट्रैक करने वाले पैच से जोड़कर देख रहे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# सबसे हैंडसम मैन का चेहरा आया सामने

**लॉस एंजिलिस।** दुनिया के सबसे हैंडसम व्यक्तियों में एक ऐसे ग्लोबल स्टार का नाम सामने आया है, जो पिछले चार सालों से दुनिया के खूबसूरत मर्दों को पछाड़ खुद नंबर वन पर बना हुआ है। इस ग्लोबल स्टार के आगे जस्टिन बीबर से लेकर बॉलीवुड स्टार्स तक भी फेल हैं। यह स्टार हैं ग्रैमी अवॉड्र्स नॉमिनेटेड सिंगर-एक्टर बीटीएस वी यानी किम तेह्युंग। 28 साल के किम तेह्युंग दुनिया के सबसे हैंडसम व्यक्ति हैं। हाल ही में, उन्होंने दुनिया के सबसे हैंडसम व्यक्ति का खिताब अपने नाम किया है। 163 देशों में ग्लोबल पॉल में बीटीएस वी ने 7 मिलियन वोट जीतकर यह खिताब हासिल किया है।




# लेडी गागा व जोकर का दिखा जलवा...

**लॉस एंजिलिस।** फेमस अमेरिकन सिंगर लेडी गागा दुनियाभर में अपने गानों के लिए पॉपुलर हैं। इसके अलावा उन्हें अपने फैशन सेंस के लिए भी जाना जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस को जोकरः फोली ए ड्यूक्स के प्रीमियर पर देखा गया। इस दौरान वो अपने को-स्टार जोकिन फीनिक्स के साथ नजर आईं। बता दें कि लेडी गागा जोकर 2 में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में जोकर के किरदार में जोकिन फीनिक्स होंगे जबकि गागा हार्ले के रोल में नजर आएंगी। जोकरः फोली ए ड्यूक्स साल 2019 में आई क्राइम ड्रामा फिल्म जोकर का सीक्वल है जिसका फैंस बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जोकिन फीनिक्स ने इस फिल्म में आर्थर फ्लेक का किरदार निभाया था जिसके लिए उनको बेस्ट एक्टर का ऑस्कर अवॉर्ड मिला था।



# पति के कपड़े पहना करती हैं पसंद

**मुंबई।** अभिनेत्री अनुष्का शर्मा और क्रिकेटर विराट कोहली चर्चित कपल में से एक हैं। दोनों एक दूसरे के पास आ रहे हैं। अपने पति विराट कोहली को लेकर अनुष्का शर्मा ने कहा कि वह अपने पति के कपड़े पहनती हैं और वह ऐसा करके काफी अच्छा महसूस करती हैं। एक इंटरव्यू के दौरान अनुष्का शर्मा ने बताया, 'मैं सच में विराट के कपड़े उधार लेती हूं, ज्यादातर टी-शर्ट। कभी-कभी मैं सिर्फ उनकी जैकेट ले लेती हूं। कभी-कभी मैं ऐसा सिर्फ इसलिए करती हूं क्योंकि जब मैं उनके कपड़े पहनती हूं तो उन्हें भी बहुत खुशी होती है'। अनुष्का ने कहा, 'इस परफेक्ट पैरेंट की तरह बनने का बहुत दबाव होता है। हम परफेक्ट पेरेंट्स नहीं हैं। हम चीजों के बारे में शिकायत करेंगे और उन्हें यह स्वीकार करना भी ठीक है इसलिए उन्हें पता है कि आप में खामियां हैं।



# 63 साल में भी फैंस की बढ़ाई धड़कनें...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में लंबा वक्त गुजारा है। उन्होंने एक से बढ़कर एक हिट फिल्मों में काम किया है। अब वो उम्र के एक पड़ाव पर हैं, लेकिन फैंस का कहना है कि वो वक्त के साथ जवान होते जा रहे हैं। उनका नया वीडियो भी कुछ यही गवाही दे रहा है। सुनील शेट्टी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वो नए हेयर कट और हेटर स्टाइल में नजर आ रहे हैं। अपने लुक से उन्होंने सबका दिल चुरा लिया है। इस वीडियो पर फैंस के खूब कॉमेंट्स आ रहे हैं। हर कोई यही कह रहा है कि 'अन्ना' की उम्र वक्त के साथ बढ़ने की बजाय घटती जा रही है। एक ने लिखा, 'इस उम्र में भी हैंडसम।' दूसरे ने मजाकिया अंदाज में कॉमेंट किया, 'अंजलि से मिलने जाना है शायद'।

## टीवी मसाला



# राजा बाबू बनकर कृष्णा ने की गोविंदा की मिमिक्री

**मुंबई।** कृष्णा अभिषेक को आपने कई बार अपने मामा गोविंदा के स्टाइल का डांस करते देखा होगा या उनके बारे में जिक्र करते हुए देखा होगा। लेकिन अब द ग्रेट इंडियन कपिल शो में वह मामा गोविंदा की मिमिक्री करते दिखेंगे। अब शो के अपकमिंग एपिसोड का वीडियो सामने आ गया है जिसमें दिखा कि कपूर सिस्टर्स यानी कि करिश्मा कपूर और करीना कपूर नजर आईं। कृष्णा इस दौरान गोविंदा के अवतार में नजर आते हैं। दरअसल, गोविंदा और करिश्मा साथ में कई फिल्म में काम कर चुके हैं। कृष्णा, गोविंदा के राजा बाबू के लुक में आते हैं और करिश्मा के साथ डांस करते हैं। हालांकि इस दौरान कपिल उन्हें चेतावनी भी देते हैं कि इस दौरान गोविंदा को किसी बात का बुरा ना लगे। वह कहते हैं कि ध्यान से, ओरिजनल वाले ना देख लें। इस पर कृष्णा कहते हैं कि गाली खाऊंगा घर पर आज। बता दें कि हाल ही में गोविंदा को गोली लगी थी। उनसे खुद गलती से अपने पैर पर गोली चल गई थी जिसके बाद वह अस्पताल में भी भर्ती रहे थे। इस दौरान कश्मीरा उनसे मिलने भी गई थीं अस्पताल में। लेकिन कृष्णा क्योंकि काम से बाहर थे तो वह नहीं गए। अब गोविंदा घर पर हैं और आराम कर रहे हैं।

## दुकान पर आए सेलिब्रिटी को देख चढ़ा जेठालाल का पारा

**मुंबई।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा में अब तक आपने देखा कि बाघा के पास एक मैसेज आता है। मैसेज में लिखा होता है कि जेठालाल की दुकान पर एक बड़ा सेलिब्रिटी आने वाला है। उस सेलिब्रिटी के स्वागत की तैयारियां करके रखना। बाघा ये मैसेज जेठालाल को बताता है। जेठालाल बाघा से कि उनके स्वागत की सारी तैयारियां करके रखने को कहता है। हालांकि, आज जब जेठालाल को पता चलेगा कि उसकी दुकान पर कौन सा सेलिब्रिटी आया है, उसे देखकर जेठालाल का पारा चढ़ जाएगा। सेलिब्रिटी आंखों से चश्मा और चेहरे से मास्क हटाएगी। मास्क हटते ही जेठालाल को झटका लगेगा। जेठालाल की दुकान पर आनेवाली सेलिब्रिटी कोई और नहीं बल्कि बावरी होगी। उसे देखकर जेठालाल का पारा चढ़ जाएगा। वो बाघा से कहेगा कि इससे पूछ ये क्या नौटंकी है।



# निया ने प्रीमियर से पहले दिया झटका




*मुंबई। विवादित रियलिटी शो बिग बॉस 18 का पिछले काफी समय से बज बना हुआ है। शो में टीवी की एक क्वीन के आने की चर्चा थी, जिसने उनके फैंस को एक्साइटेड कर दिया था। हालांकि, अब उन्होंने खुद आने से इनकार कर दिया है। हम बात कर रहे हैं टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा की। निया शर्मा को लेकर चर्चा थी कि वह बिग बॉस 18 का हिस्सा बनने जा रही हैं। जब से यह न्यूज सामने आई है, उनके चाहने वालों की खुशी का ठिकाना नहीं था। यही नहीं, खतरों के खिलाड़ी 14 के ग्रैंड फिनाले में रोहित शेट्टी ने भी हिंट दिया था कि निया बिग बॉस में जा रही हैं। मगर ग्रैंड प्रीमियर से पहले निया ने सबकुछ साफ कर दिया है। निया शर्मा बिग बॉस 18 का हिस्सा नहीं बनने वाली हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर करते हुए शो में शामिल न होने की जानकारी दी है और फैंस को सॉरी बोला है। एक्ट्रेस ने स्टोरी में सॉरी लिखते हुए कहा, फैंस और शुभचिंतको के लिए जिन्हें मैंने निराश किया है। सॉरी।*

## सल्लू की फीस 250 करोड़ रुपए

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मों के लिए एक वक्त था जब 100 करोड़ की कमाई एक बेंचमार्क माना जाता था। वक्त बीता और आज किसी ठीक-ठाक फिल्म की लागत ही 100 करोड़ रुपए होती है। फिर सुपरस्टार्स ने फिल्मों के लिए 100 करोड़ रुपए फीस चार्ज करना शुरू कर दिया और आज के वक्त में टीवी शोज में इतना पैसा कुछ ही एपिसोड में खर्च कर दिया जाता है। सलमान खान को बिग बॉस का यह सीजन होस्ट करने के लिए सिर्फ 6 हफ्तों में इतनी फीस का भुगतान किया जाएगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक सलमान खान एक महीने के लिए 60 करोड़ रुपये फीस चार्ज कर रहे हैं। बिग बॉस ओटीटी में सलमान का ना होगा यह साबित कर गया है कि उनके होने से शो की टीआरपी में चार चांद लग जाते हैं। सूत्रों के मुताबिक अगर यह सीजन 15 हफ्ते भी चलता है तो मेकर्स को इसके लिए सलमान खान को तकरीबन 250 करोड़ रुपए फीस चुकानी होगी।





# जरा भी नहीं संभाल पाईं भारी-भरकम लहंगा

**मुंबई।** श्रद्धा कपूर ने नई दिल्ली में रैंप वॉक किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनके कई वीडियोज और फोटोज सामने आईं। हालांकि, फैंस ने देखा कि भले ही वह खूबसूरत लग रही थीं, लेकिन वह रैंप पर ठीक से नहीं चल पा रही थीं। इस दौरान श्रद्धा ने बीडवर्क और कढ़ाई वाला क्रीम कलर का लहंगा पहना था। एक पपाराजी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें श्रद्धा रैंप वॉक कर रही हैं, फिर वो मुस्कुराती हैं और अलग-अलग पोज देती हैं लेकिन जिस बाक पर लोगों ने ध्यान दिया वो कुछ और ही थी। श्रद्धा कपूर वॉक करते वक्त लड़खड़ा रही थीं और साफ दिख रहा है कि उन्हें चलने में दिक्कत हो रही है। इस पर रिएक्शन देते हुए एक यूजर ने कहा- वह हमेशा की तरह शानदार लग रही हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि उन्हें उस लहंगे में चलने में दिक्कत हो रही है। एक ने लिखा- उस ड्रेस में या शायद उनके जूते में कुछ अजीब है। वो चल नहीं पा रहीं। एक फैन ने कहा- जिस तरह से उन्होंने 20 किलो का लहंगा संभाला है, वो कमाल है। एक इंस्टाग्राम यूजर ने कहा- वह आराम से चल नहीं पा रहीं, उनके चेहरे के हाव-भाव सब कुछ बयां कर रहे हैं।

## सुशांत की मौत की खबर ने मनोरंजन जगत को झकझोर कर रख दिया

# मौत के बाद भी चर्चा में ये स्टार्स, नहीं भूल पा रहे हैं लोग

*मुंबई। सेलेब्रिटीज की पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ हमेशा लोगों के बीच सुर्खियों में रहती है। वहीं कुछ स्टार्स ऐसे भी हैं जो इस दुनिया को अलविदा कह चुके हैं, लेकिन उनकी मौत के बाद भी वह किसी न किसी वजह से चर्चा में बने हुए हैं। बॉलीवुड के कई सेलेब्स निधन के बाद भी अभी इसलिए खबरों में बने हुए हैं क्योंकि उनकी मौत की वजह आज तक रहस्य बनी हुई है तो वहीं कुछ की मौत के बाद भी फिल्में रिलीज हो रही हैं। कई सेलेब्स की असामयिक मौत हो गई है, जिससे लोग सदमे में हैं। आज तक हर कोई यह जानने का इंतजार कर रहा है कि आखिर उनके साथ क्या हुआ था। आज हम उन मशहूर सेलेब्स की लिस्ट लेकर आए हैं जो मौत के बाद भी चर्चा लोगों के दिलों में जगह बनाए हुए हैं।*



**श्रीदेवी :** अपने समय की बेहतरीन बॉलीवुड अभिनेत्रियों में से एक थीं। इस दिग्गज अभिनेत्री की अचानक हुई मौत ने सभी को झकझोर कर रख दिया। उन्हें दुबई के आलीशान होटल में पानी से भरे बाथटब में मृत पाया गया था। जबकि मामला दिल का दौरा पड़ने का बताया गया था, लेकिन वह काफी समय से किसी और वजह से भी चर्चा में हैं। जी हां, श्रीदेवी के गुजरने के बाद उनकी आखिरी फिल्म 'जीरो' रिलीज हुई थी। वहीं बोनी कपूर अपनी पत्नी श्रीदेवी के जीवन पर डॉक्यूमेंट्री बनाने का ऐलान कर चुके हैं, जिसकी वजह से वह चर्चा में रहती हैं।



**सुशांत सिंह राजपूत :** इस एक्टर की मौत की खबर ने पूरे मनोरंजन जगत को झकझोर कर रख दिया। 34 वर्षीय सुशांत सिंह राजपूत अपने मुंबई अपार्टमेंट में आत्महत्या करने के कारण खबरों में छाए रहे। बाद में, बहुत से लोगों ने सुशांत की मौत को लेकर कई तरह के खुलासे किए और मामला बंद होने के बाद वह आज तक अपनी रहस्यमय मौत की वजह से चर्चा में हैं।



**सिद्धार्थ शुक्ला :** 'बिग बॉस 13' और 'खतरों के खिलाड़ी 7' के विनर रह चुके सिद्धार्थ शुक्ला के फैंस आज भी इस बात पर यकीन नहीं कर पा रहे हैं कि वह अब इस दुनिया में नहीं हैं। सिद्धार्थ आए दिन अपनी दोस्त शहनाज गिल के कारण चर्चा में रहते हैं। सिद्धार्थ शुक्ला की 40 वर्ष की उम्र में हार्ट अटैक की वजह से गुरुवार को निधन हो गया।

**जिया खान :** 25 वर्षीय अभिनेत्री जिया खान 3 जून 2013 को अपने जुहू अपार्टमेंट में छत से लटकी हुई पाई गई थीं। ऐसी अफवाहें थीं कि उनके प्रेमी और अभिनेता सोराज पंचोली ने उनकी हत्या कर दी थी, लेकिन कुछ भी पता नहीं चला और मामले को बंद कर दिया गया और एक्ट्रेस की मौत को आत्महत्या का नाम दे दिया गया, जिसकी वजह से वह आज भी चर्चा में हैं।



**दिव्या भारती :** अभिनेत्री दिव्या भारती ने वेरोस्वा में अपने अपार्टमेंट की पांचवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। हालांकि, कई लोगों ने उनकी मौत को उनके पति द्वारा की गई हत्या बताया, लेकिन मामला आगे नहीं बढ़ा और उनकी रहस्यमय मौत चर्चा का विषय बनी हुई है।



**ओम पुरी :** 6 जनवरी, 2017 को ओम पुरी की हार्टअटैक से मौत हो गई थी, जिसके बाद उनकी फिल्म 'ट्यूबलाइट' रिलीज हुई थी। लोग आज भी उन्हें भूल नहीं पाए हैं। ये 25 जून, 2017 को रिलीज हुई थी।



**इरफान खान :** बॉलीवुड का वो दिग्गज अभिनेता आज भी अपनी फिल्मों और किरदार के लिए लोगों के बीच चर्चा में हैं। इरफान का 29 अप्रैल, 2020 को निधन हो गया था। उनकी मौत के बाद उनकी फिल्म रिलीज हुई थी। वहीं इन दिनों वह अपने बेटी की वजह से खूब चर्चा में हैं क्योंकि वह हर इवेंट में अपने पिता के बारे में बात करते नजर आते हैं।